रोहतक
गुरुवार, 24 अप्रैल 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष, एकादशी वर्ष : 29, अंक : 83
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 41.0
न्यून. 16.9

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



■ सीसीएस की बैठक में फैसला, पाकिस्तान को कड़ा संदेश, अपराधियों को नहीं छोड़ा जाएगा

■ एनआईए भी जांच के लिए पहलगाम पहुंची पूछताछ के लिए सैकड़ों लोग हिरासत में लिए

## पहलगाम हमले के बाद भारत का सख्त एक्शन, अटारी बॉर्डर बंद किया, राजनयिक रिश्तों में भी कटौती की

**सुरक्षा एजेंसियों का दावा, हमले का मास्टरमाइंड लश्कर का डिप्टी चीफ सैफुल्लाह, डरे पाकिस्तान ने भी हाईअलर्ट घोषित किया**

# सिंधु जल समझौता रोका, पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा रद, 48 घंटे में देश छोड़ने के आदेश

**पीएम मोदी बोले** : हमले के दोषियों को मुंहतोड़ जवाब देंगे, अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा

**गृहमंत्री शाह बोले** : हम आतंकवाद के सामने घुटने नहीं टेकेंगे, पहलगाम में पीड़ितों के साथ की मुलाकात

**रक्षा मंत्री राजनाथ बोले** : कोई हमें डरा नहीं सकता जिम्मेदारों को करारा जवाब देंगे, सर्वदलीय बैठक आज

हरिभूमि ब्यूरो/एजेंसी ▶▶ पहलगाम/नई दिल्ली

भारत सरकार ने पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर बुधवार को पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए उसके साथ राजनयिक संबंधों में कटौती, सिंधु जल संधि स्थगित करने और अटारी चौकी को बंद किए जाने व पाक नागरिकों का वीजा रद करने समेत कई फैसले किए। ढाई घंटे चली बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, एनएसए अजीत डोभाल और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। पहलगाम में नृशंस हमले में 26 लोगों की मौत के एक दिन बाद पीएम नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक हुई, जिसमें इस कायरतापूर्ण हमले के प्रति भारत के जवाबी कदमों को अंतिम रूप दिया गया। सीसीएस की बैठक के बाद विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने फैसलों से अवगत कराया। इससे पहले सुरक्षा एजेंसियों की जांच में खुलासा हुआ था कि हमले में 5 आतंकी शामिल हैं। सूत्रों ने बताया, हमले का मास्टरमाइंड लश्कर-ए तैयबा का डिप्टी चीफ सैफुल्लाह खालिद है, जो पाकिस्तान में मौजूद है। इधर, नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) भी जांच के लिए पहलगाम पहुंच गई है। कई जम्मू-कश्मीर समेत कई राज्यों में हाईअलर्ट जारी किया गया है। दूसरी तरफ, पीएम नरेंद्र मोदी भी अपना सऊदी अरब का दौरा बीच में छोड़कर वापस लौट आए हैं। उन्होंने एयरपोर्ट पर ही सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों के साथ बैठक कर स्थिति का जायजा लिया और दिशा निर्देश जारी किए। *(संबंधित पैकेज पेज 8 पर)*

### हमले में दो स्थानीय और तीन पाक आतंकी शामिल, आतंकियों की तलाश में उतरे सुरक्षाकर्मी





### शाह ने मृतकों को श्रद्धांजलि दी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने श्रीनगर में पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद शाह बैसरन घाटी पहुंचे। यहां उन्होंने हमले के पीड़ितों से बातचीत की और अधिकारियों से जानकारी ली। वहीं, प्रियजनों को गंवाने वाले परिवार शोक में डूबे रहे। शोकाकुल परिवारों ने अपने उन प्रियजनों को अंतिम विदाई दी, जिनकी हमले में मौत हो गई।

**मुआवजे का ऐलान :** जम्मू कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला आतंकी हमले में मारे गए 26 लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने का ऐलान किया है। गंभीर घायलों को 2 लाख व मामूली घायलों को 1 लाख मदद दी जाएगी।

### ये पांच कड़े फैसले

- 1960 की सिंधु जल संधि को तत्काल स्थगित किया जा रहा है, जब तक कि पाकिस्तान सीमापार आतंकवाद को समर्थन देना बंद नहीं कर देता।
- इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट अटारी को तत्काल प्रभाव से बंद किया जा रहा है। वैध अनुमति के साथ जो लोग इस रास्ते से भारत आए हैं, वे 1 मई से पहले इसी रास्ते से वापस जा सकते हैं।
- पाकिस्तानी नागरिकों को अब सार्क वीजा छूट योजना (एसवीईएस) के तहत भारत यात्रा की इजाजत नहीं। पहले जारी एसवीईएस वीजा रद माने जाएंगे। अभी इस वीजा पर भारत में रह रहे पाक नागरिकों को 48 घंटों में भारत छोड़ना होगा।
- दिल्ली स्थित पाक उच्चायोग में रक्षा/सेना, नौसेना और वायुसेना सलाहकारों को 'पर्सोना नॉन ग्राटा' घोषित किया। उन्हें भारत छोड़ने के लिए एक हफ्ते का वक्त दिया। भारत इस्लामाबाद स्थित अपने उच्चायोग से भी रक्षा/नौसेना/वायुसेना सलाहकारों को वापस बुलाएगा। सेवा सलाहकारों के 5 सहायक कर्मचारी भी दोनों उच्चायोगों से वापस बुलाए जाएंगे।
- दोनों उच्चायोगों में कर्मचारियों की कुल संख्या को मौजूदा 55 से घटाकर 30 किया जाएगा, जिसकी प्रक्रिया 1 मई तक पूरी कर ली जाएगी।

**पाक बोला, हमले में हमारा हाथ नहीं**

पहलगाव हमले की पाक ने निंदा की। पाक के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा, हमले में हमारा कोई हाथ नहीं है।



**सिर्फ 6 दिन चला 7 जन्मों का बंधन**

### नेवी अफसर पति के शव से लिपटकर रोई हिमांशी


करनाल(हरिभूमि न्यूज)। आतंकी हमले में मारे गए करनाल के नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी नरवाल पति के शव के साथ लिपटकर खूब रोई। इसके बाद उनके ताबूत के सामने पहुंची और सैल्यूट कर कहा, हमें आप पर हमेशा गर्व रहेगा, 'जय हिंद'। बुधवार को हिमांशी ने अपने पति को भावभीनी विदाई दी। विनय के पार्थिव शरीर से लिपटकर हिमांशी बार-बार रोए जा रही थीं। उनका विलाप देखकर परिजन भी अपने आंसू रोक नहीं पाए। नेवी के लेफ्टिनेंट विनय का अंतिम संस्कार बुधवार शाम को मॉडल टाउन स्थित श्मशान घाट में कर दिया गया। उनकी बहन सृष्टि और चचेरे भाई ने उन्हें मुखाग्नि दी। इससे पहले बहन ने अर्थी को कंधा भी दिया। सीएम नायब सिंह सैनी श्रद्धांजलि देने पहुंचे। अंतिम यात्रा में उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा है। लोग विनय नरवाल अमर रहे और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगा रहे हैं। लेफ्टिनेंट नरवाल के पार्थिव शरीर को दोपहर 4 बजे पहलगाम से पहले दिल्ली और फिर करनाल लाया गया। आतंकियों ने मंगलवार को बैसरन घाटी में नाम पूछने के बाद सिर में गोली मारी थी। जब फायरिंग की गई, तब उनकी पत्नी साथ में थीं। बता दें कि दोनों की शादी 6 दिन पहले 16 अप्रैल को मसूरी में हुई थी। हिमांशी गुरुग्राम की रहने वाली हैं। तीन दिन पहले 19 अप्रैल को ही शादी का रिसेप्शन करनाल में हुआ था।

**अंत में सैल्यूट किया और बोलीं- 'जय हिंद'**
■
**लेफ्टिनेंट विनय का करनाल में सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार**

**कश्मीर में 10 घंटे में दो जगह मुठभेड़**

### कुलगाम में आतंकियों पर फायरिंग बारामूला में 2 घुसपैठिए मार गिराए

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई है। बुधवार शाम को तंगमर्ग इलाके में सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेर लिया है। आतंकी यहां एक घर में छिपे हुए हैं। दोनों ओर से फायरिंग हो रही है। अतिरिक्त सुरक्षाबल मौके पर भेजा गया है। वहीं इससे पहले सुबह ही बारामूला के उरी सेक्टर में एलओसी के पास आतंकी घुसपैठ की कोशिश की गई थी। सेना ने 2 आतंकवादियों को मार गिराया। यहां भी सर्चिंग अभियान जारी है। सेना के अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षा बलों ने 2-3 आतंकियों को घुसपैठ की कोशिश करते देखा था। आतंकियों के पास से बरामद सामान में 2 असॉल्ट राइफले, गोला-बारूद और युद्ध से जुड़ा सामान, कारतूस, पाकिस्तानी करेंसी, चॉकलेट व सिगरेट के पैकेट मिले हैं। इससे एक दिन पहले पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था।



### तीन संदिग्धों के स्केच जारी

सुरक्षा एजेंसियों ने आतंकी हमले में शामिल होने के संदेह में बुधवार को तीन लोगों के रेखाचित्र (स्केच) जारी किए। इनके नाम आसिफ फौजी, सुलेमान शाह और अबू तल्हा हैं। उन्होंने बताया कि तीनों आतंकवादियों के कोड नाम भी थे - मूसा, यूनुस और आसिफ और ये तीनों पुंछ में आतंकी घटनाओं में शामिल थे। सोशल मीडिया पर तस्वीर वायरल हो रही है। बताया जा रहा है कि यह पहलगाम में हमला करने वाले 4 आतंकियों की तस्वीर है। हालांकि, इसकी पुष्टी नहीं की गई है।

### सीएम सैनी ने नरवाल के दादा से वीडियो कॉल पर की बात

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पहलगाम में हुए 'कायरतापूर्ण' हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। इससे पहले उन्होंने हमले में शहीद हुए करनाल निवासी नौसेना अधिकारी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल (26) के दादा को 'वीडियो कॉल' किया, जिसमें उनके दादा ने पीएम नरेन्द्र मोदी से अपराधियों को कड़ी सजा देने और आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की। उन्होंने मुख्यमंत्री सैनी से बात करते हुए कहा, 'आज मैंने अपना पोता खोया है, ऐसे ही कल किसी और पर ये सब बीत सकता है। हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंदर भी कल्याण शोक संतप्त परिवार से मिलने करनाल शहर पहुंचे।



**आईपीएल में आज**



बेंगलुरू
V/S
राजस्थान
: समय :
7.30 PM
: स्थान :
बेंगलुरू

**खबर संक्षेप**

### न्यूयॉर्क में श्री सत्य साईं बाबा शताब्दी समारोह दिवस आज मनेगा

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम्स ने इस वर्ष 24 अप्रैल को शहर में 'श्री सत्य साईं बाबा शताब्दी समारोह दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की है। यह घोषणा सिटी हॉल में की। भाषा

### विश्व बैंक ने वृद्धि अनुमान घटाकर 6.3 प्रतिशत किया

**नई दिल्ली।** विश्व बैंक ने वैश्विक आर्थिक कमजोरी और नीति अनिश्चितता के बीच चालू वित्त वर्ष (2025-26) के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को 0.4% घटाकर 6.3% कर दिया। विश्व बैंक ने अपने पिछले अनुमान में वृद्धि दर 6.7% रहने का अनुमान लगाया था। भाषा

### मेधा पाटकर के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने 'नर्मदा बचाओ आंदोलन' (एनबीए) की नेता मेधा पाटकर के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया। अदालत ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा दायर मानहानि के मामले में उन्हें परिवीक्षा बॉण्ड व एक लाख रुपये का जुर्माना जमा करने के लिए कहा था। भाषा

**दिल्ली हाईकोर्ट की टिप्पणी**

### जेल में बंद अपराधी कोई 'गुलाम' नहीं

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने रेप और हत्या से जुड़े एक मामले में सजायाफ्ता एक व्यक्ति की पैरोल अर्जी यह कहते हुए स्वीकार कर ली कि सिर्फ इसलिए कि कोई अपराधी 20 साल से अधिक समय से जेल में है, उसके साथ 'गुलाम' जैसा व्यवहार नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने कहा कि इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि याचिकाकर्ता ने अपने अपराध के लिए दो दशक से अधिक समय जेल में बिताया है। न्यायमूर्ति कृष्णा ने 16 अप्रैल के अपने फैसले में कहा, उसे जीवन के मौलिक अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता। सिर्फ इसलिए कि वह जेल में कैद है, उसके साथ 'गुलाम' जैसा व्यवहार नहीं किया जा सकता।



**सुप्रीम कोर्ट ने कहा, मुस्लिम होना अनिवार्य, मणिपुर हाईकोर्ट के फैसले को पलटा**

### बार काउंसिल के सदस्य ही बन सकेंगे वक्फ बोर्ड के सदस्य

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने राज्य वक्फ बोर्ड में नियुक्ति को लेकर बुधवार को अहम फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि राज्य बार काउंसिल का एक्टिव मेंबर ही राज्य वक्फ बोर्ड का सदस्य बन सकता है। जस्टिस एम.एम.सुंदरेश और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच ने फैसला सुनाते हुए कहा कि वक्फ बोर्ड का सदस्य बनने के लिए 2 अनिवार्य शर्तें पूरी करनी होंगी। इनमें पहली शर्त है व्यक्ति मुस्लिम समुदाय से हो। वहीं दूसरी शर्त के अनुसार संसद, राज्य विधानसभा या बार काउंसिल के सदस्य के रूप में सक्रिय पद हो। सुप्रीम कोर्ट मणिपुर हाईकोर्ट के उस फैसले को गलत बताया, जिसमें हाईकोर्ट ने कहा था कि कानून में स्पष्ट नहीं है कि बार काउंसिल से बाहर होने पर वक्फ बोर्ड की सदस्यता भी समाप्त हो जाएगी।



**यह है मामला ..**

राज्य वक्फ बोर्ड का यह मामला मणिपुर के मोहम्मद फिरोज अहमद खालिद से जुड़ा था, जिन्हें फरवरी 2023 में मणिपुर वक्फ बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया था। वह दिसंबर 2022 के चुनाव में बार काउंसिल का सदस्य बनने के बाद वक्फ बोर्ड में शामिल हुए थे। उन्होंने उस व्यक्ति की जगह ली थी, जो बार काउंसिल का चुनाव हार गया था। हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने खालिद की नियुक्ति को वैध ठहराया था, लेकिन डिवीजन बेंच ने इस फैसले को पलटते हुए कहा था कि कानून में यह स्पष्ट नहीं है कि बार काउंसिल से बाहर होने पर वक्फ बोर्ड की सदस्य समाप्त हो जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने बताया कि वक्फ कानून के अनुसार, बार काउंसिल की सदस्यता अगर समाप्त हो जाती है, तो वक्फ बोर्ड की सदस्यता अपने आप रद मानी जाएगी।

**वक्फ बोर्ड के पास कितनी संपत्ति**

देश के सभी 32 वक्फ बोर्ड की संपत्ति को लेकर अलग-अलग मीडिया रिपोर्ट्स में अलग-अलग दावे किए जाते हैं, लेकिन 2022 में भारत सरकार ने बताया कि देश में 7.8 लाख से ज्यादा वक्फ की अचल संपत्तियां हैं। इनमें सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश वक्फ के पास करीब दो लाख से ज्यादा अचल संपत्तियां हैं। सुप्रीम कोर्ट के वकील विराग गुप्ता बताते हैं कि 2009 के बाद वक्फ की संपत्तियों में दोगुने का इजाफा हुआ है।

### प्रदेश सरकार ने महंगाई भत्ता 2 फीसदी बढ़ाया

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश सरकार ने अपने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ता और महंगाई राहत को 2 फीसदी बढ़ाकर 53% से 55% करने का फैसला लिया है। यह संशोधित दरें 1 जनवरी 2025 से प्रभावी होंगी। वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, संशोधित महंगाई भत्ता और राहत अप्रैल 2025 के वेतन/पेंशन के साथ दी जाएगी। वहीं, जनवरी 2025 से मार्च 2025 तक की अवधि के एरियर का भुगतान मई 2025 में किया जाएगा। सरकार के इस फैसले से करीब 6 लाख नियमित कर्मचारियों और पेंशनर्स को इसका लाभ मिलेगा। इनमें करीब 3 लाख नियमित कर्मचारी और 3 लाख पेंशनर्स शामिल हैं।

**खुशखबरी**

**एक जनवरी से लागू, मई में सैलरी और पेंशन बढ़ी हुई मिलेगी, 6 लाख कर्मचारियों और पेंशन धारकों को होगा लाभ**

**इस बार 1 फीसदी कम बढ़ोतरी**

इससे पहले 2024 में हरियाणा सरकार ने डीए 50% से बढ़ाकर 53 प्रतिशत किया था। तब सरकार ने 3% की बढ़ोतरी की थी, लेकिन इस बार एक फीसदी कम बढ़ाया है।

### सहारा मामले में 1,500 करोड़ की संपत्तियां कुर्क

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कहा कि उसने सहारा समूह के खिलाफ कथित धन शोधन जांच के तहत 1,500 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की नई संपत्तियां कुर्क की हैं। संघीय जांच एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत सहारा प्राइम सिटी लिमिटेड की 16 शहरों में कुल 1,023 एकड़ भूमि कुर्क करने के लिए एक अतंरिम आदेश जारी किया था। इन भूखंडों का कुल मूल्य 1,538 करोड़ रुपये (2016 सर्किल रेट के अनुसार) है। एजेंसी ने कहा कि इन भूखंडों को 'बेनामी' लेन-देन के माध्यम से खरीदा गया था, जिसमें सहारा की कंपनियों से धन भेजा गया था। बयान में कहा गया है कि ये जमीनें गुजरात, ओडिशा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर और उत्तर प्रदेश में स्थित हैं।

**ईडी ने 16 शहरों में की कार्रवाई**

**पिछले हफ्ते 707 एकड़ जमीन जब्त की थी**

पिछले सप्ताह, ईडी ने मामले में महाराष्ट्र के लोनावाला में स्थित एंबी वैली में 707 एकड़ जमीन जब्त की, जिसकी कीमत 1,460 करोड़ रुपये है। धन शोधन का यह मामला विभिन्न राज्य पुलिस विभागों द्वारा दर्ज 500 से अधिक प्राथमिकी पर आधारित है। ईडी ने सहारा ग्रुप के खिलाफ कई मामले दर्ज किए हैं।

**दौरा** दोनों देशों ने रक्षा समेत दो नई मंत्री स्तरीय समिति बनाई

***भारत में दो रिफाइनरी स्थापित करेगा सऊदी अरब***
***अंतरिक्ष, स्वास्थ्य, शिक्षा और डाक क्षेत्रों में समझौते***

### भारत और सऊदी अरब के बीच चार करार, मोदी ने क्राउन प्रिंस से बात की

**जेद्दा (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। इससे पहले प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान दोनों पक्षों ने रक्षा सहित दो नई मंत्रिस्तरीय समितियां बनाईं और भारत में दो रिफाइनरियां स्थापित करने के लिए सहयोग करने पर सहमति जताई। उन्होंने अंतरिक्ष, स्वास्थ्य, डोपिंग रोधी शिक्षा और डाक सहयोग के क्षेत्रों में चार समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किए। दोनों नेताओं ने भारत और सऊदी अरब के बीच दोस्ती को और मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित रणनीतिक साझेदारी परिषद की बैठक की सह-अध्यक्षता की और इसी बैठक में उन्होंने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। प्रधानमंत्री ने कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद मंगलवार रात को अपनी दो दिवसीय यात्रा को संक्षिप्त करने का फैसला किया और नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए। पहले प्रधानमंत्री मोदी का बुधवार रात को भारत लौटने का कार्यक्रम था।



**कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएंगे**

मोदी ने कश्मीर की स्थिति का आकलन करने के लिए क्राउन प्रिंस के साथ अपनी निर्धारित बैठक भी कम से कम दो घंटे के लिए स्थगित कर दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, चर्चाएं रक्षा, व्यापार, निवेश, ऊर्जा और लोगों के बीच संबंधों सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के नए रास्ते तलाशने पर केंद्रित रहीं, ताकि भारत-सऊदी अरब द्विपक्षीय संबंधों को और गहराई दी जा सके।

**एक दूसरे के गले लगे दोनों नेता**

पोस्ट में कहा गया है कि मोदी और क्राउन प्रिंस ने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों तथा भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईईसी) पहल के तहत जारी सहयोग पर भी विचार साझा किए। इससे पहले, मोदी का अल सलाम पैलेस में औपचारिक स्वागत किया गया, जहां क्राउन प्रिंस मोहम्मद ने उनका स्वागत किया। सरकारी सऊदी प्रेस एजेंसी द्वारा साझा की गई तस्वीरों के अनुसार, दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को गले लगाकर एक-दूसरे का अभिवादन किया।

**रणनीतिक साझेदारी परिषद की बैठक**

इसके बाद विस्तृत द्विपक्षीय चर्चा हुई और रणनीतिक साझेदारी परिषद की बैठक हुई, जिसकी स्थापना द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री की 2019 की यात्रा के दौरान की गई थी।

**पहलगाम आतंकी अटैक :** नेताओं, मंत्रियों और लोगों ने लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के घर पहुंच दी सांत्वना, पूरे प्रदेश में प्रदर्शन

# अंतिम संस्कार में छलका दर्द : पत्नी ने 'आई एम प्राउड ऑफ यू' कहकर दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से पूरो देश रोष में है। हरियाणा में आक्रोश है, शोक की लहर है। पूरे प्रदेश में विभिन्न संगठनों ने प्रदर्शन किए, आतंकवाद के पुतले जलाए। वहीं लेफ्टिनेंट विनय नरवाल को करनाल में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। उनके पार्थिव शरीर को दिल्ली से करनाल लाया गया, जहां हजारों लोगों ने 'विनय नरवाल अमर रहें' के नारों के साथ उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शहीद के घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी। विनय नरवाल की शादी 16 अप्रैल को गुरुग्राम की हिमांशी से हुई थी, और वे हनीमून के लिए कश्मीर गए थे। 21 अप्रैल को वे पहलगाम पहुंचे, और अगले दिन हुए आतंकी हमले में शहीद हो गए। उनकी पत्नी हिमांशी ने पार्थिव शरीर से लिपटकर 'आई एम प्राउड ऑफ यू' कहते हुए उन्हें अंतिम विदाई दी। दूसरी ओर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने विनय नरवाल के दादा से फोन पर बात की। करनाल से भाजपा विधायक जगमोहन आनंद ने परिवार के बीच पहुंचकर मीडिया से बातचीत में कहा कि बहुत ही दुख की घटना है। एक कायराना घटना की गई है।

### काश यूरोप का वीजा मिल जाता : दादा

शहीद के दादा हवा सिंह, जो स्वयं बीएसएफ और हरियाणा पुलिस में सेवा दे चुके हैं, ने कहा, 'काश यूरोप का वीजा मिल जाता, तो आज विनय हमारे बीच होता' विनय का जन्मदिन 1 मई को था, और 3 मई को उन्हें कोच्चि में ड्यूटी पर लौटना था। पूरा हरियाणा आज इस वीर सपूत की शहादत पर शोकाकुल है।







नरवाल के दादा हवा सिंह रोते हुए बोले

## गोली न लगती तो आतंकियों को पछाड़ देता मेरा पोता

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में बीते दिन आतंकियों द्वारा निहथे लोगों की गोली मार कर हत्या कर दी गई। इस गोलीबारी में हरियाणा के करनाल जिले के रहने वाले विनय नरवाल की मौत हो गई है। वह नेवी में लेफ्टिनेंट के पद पर तैनात थे। तकरीबन एक सप्ताह पहले ही विनय नरवाल की शादी हुई थी। लेकिन बेटे की मौत की सूचना मिलने के बाद घर में खुशियां मातम में बदल गई और परिवार वालों पर भी दुखों का पहाड़ टूट चुका है। दादा हवा सिंह ने बताया कि उनका पोता कोच्चि में पोस्टिंग पर तैनात था। दादा ने कहा कि अगर विनय को गोली ना लगती तो 24 लोगों को वह वहीं पछाड़ सकता था। इस हमले का बदला जरूर लेना चाहिए।

### चार दिन पहले ही रिसेप्शन किया, मातम में बदली खुशियां

विनय के दादा हवा सिंह ने कहा कि आतंकियों को पड़कर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अभी 16 अप्रैल को पोते की शादी हुई थी और 19 अप्रैल को धूमधाम से रिसेप्शन की गई थी। घर में खुशियां थी कब मातम में बदल गई पता ही नहीं चला।

### नरवाल करनाल स्कूल में पढ़े, दिल्ली से बीटेक किया

विनय नरवाल मूल रूप से करनाल के भुसली गांव के रहने वाले थे। लेकिन, 15 साल से उनका परिवार सेक्टर-7 में रह रहा है। उनकी स्कूलिंग करनाल के संत कबीर स्कूल से हुई। जिसके बाद दिल्ली से उन्होंने बीटेक किया। विनय पढ़ाई में तेज थे। विनय के दादा हवा सिंह ने कहा, हमारा परिवार शुरू से ही आर्मी से जुड़ा रहा है। मेरे ताऊजी भी आर्मी में थे। विनय के नाना के भाई भी आर्मी में रहे।

### 21 को गए थे जम्मू-कश्मीर

विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी के पिता सुनील कुमार गुरुग्राम में एक्साइज एंड टैक्सेशन ऑफिसर हैं। 28 मार्च को विनय शादी के लिए छुट्टी लेकर आए थे। 16 अप्रैल को मसूरी में उनकी शादी हुई। 19 तारीख को करनाल में रिसेप्शन पार्टी रखी गई थी। शादी के बाद उनका यूरोप में हनीमून का प्लान था। इसके लिए वीजा भी अप्लाई किया था। लेकिन, वीजा नहीं लग पाया और यूरोप जाने का प्रोग्राम कैंसिल हो गया। इसके बाद 21 अप्रैल को दोनों जम्मू-कश्मीर के लिए निकल गए। 22 अप्रैल को वे होटल में ठहरे थे। दादा हवा सिंह के मुताबिक वे नीचे डेस्टिनेशन पॉइंट पर घूमने के लिए गए थे। उसी दौरान आतंकी हमला हो गया।

### हरविंद्र कल्याण घर पहुंचे



विधानसभा के अध्यक्ष एवं घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण ने नरवाल के घर जाकर परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि आज देश और पूरी दुनिया इस घटना की निंदा कर रही है। जिस प्रकार से बेकसूर नागरिकों को गोलियों से भूना गया, यह मानवता के ऊपर एक हमला है। उन्होंने कहा कि ये घिनौनी घटना करने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### मनोहर लाल ने जताया शोक



केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के परिजनों से बातचीत की। मनोहर लाल ने वीडियो कॉल पर विनय नरवाल के दादा हवा सिंह से बात की और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि देश ने अपना बेटा खोया है, शहीद होने वाले जांबाजों को देश हमेशा याद रखता है। उन्होंने कहा कि घटना करने वालों के पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा

### आतंकवाद पर निर्णायक प्रहार करना जरूरी



**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि देश में आक्रोश है और पूरा देश आतंक के खिलाफ एकजुट है। देश सरकार से मांग करता है कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा ना जाए। आतंक के खिलाफ निर्णायक प्रहार होना चाहिए।

अभय सिंह चौटाला

### दिल झकझोरने वाला है आतंकी हमला



**चंडीगढ़।** इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. अभय सिंह चौटाला ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह दिल को झकझोर देने वाला है। निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाना न केवल कायरता का काम है अपितु इंसानियत के खिलाफ भी सीधी बगावत है।

## शहीद सिद्धार्थ का बलिदान युवाओं को देश सेवा के लिए प्रेरित करेगा : सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



**रेवाड़ी।** सिद्धार्थ के परिजनों से मिलते मुख्यमंत्री नायब सैनी।

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को फ्लाइट लेफ्टिनेंट सिद्धार्थ यादव के सेक्टर-18 स्थित आवास पर वीर अधिकारी के बलिदान पर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने परिवार को हरियाणा सरकार की ओर से हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि शहीद सिद्धार्थ का बलिदान सदैव युवाओं को देश सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। बता दें कि 2 अप्रैल को फ्लाइट लेफ्टिनेंट सिद्धार्थ यादव का जगुआर विमान गुजरात के जामनगर में प्रशिक्षण उड़ान के दौरान उड़ान भरने के बाद शहर से करीब 12 किलोमीटर दूर सुवरदा गांव के खेतों में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। अभ्यास सत्र के दौरान उनके साथी मनोज कुमार भी विमान में सवार थे। खतरे को भांपते हुए सिद्धार्थ ने मनोज को विमान से बाहर निकलने का निर्देश दिया और कुशलतापूर्वक विमान को आबादी वाले क्षेत्रों से दूर ले गए तथा जान-माल की अधिक हानि को रोकने के लिए दुर्घटना में अपने प्राणों की आहुति दे दी। इस अवसर पर विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, भाजपा संगठन मंत्री फणींद्र नाथ शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.वंदना पोपली आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेस की बैठक हुई, कई नेता रहे गैरहाजिर

**चंडीगढ़।** गुजरात अधिवेशन के बाद बुलाई हरियाणा कांग्रेस के नेताओं की बैठक में जहां कई बड़े नेता गैरहाजिर रहे, वहीं कई अहम चर्चा भी इस दौरान नहीं हो सकी बल्कि 40 दिनों का नया असाइनमेंट लेकर वापस लौटे हैं। बैठक में हरियाणा को लेकर कई अहम फैसलों का इंतजार करने वाले पुराने कांग्रेसियों को निराशा भी हुई। हालांकि इस बैठक के दौरान अनौपचारिक चर्चा का दौर भी एक घंटे से ऊपर तक चला व बाकी बिंदुओं पर भी विचार किया गया। बताया गया है कि दिल्ली में बुलाई कांग्रेस की इस बैठक में हरियाणा कांग्रेस मामलों के प्रभारी बीके हरिप्रसाद ने पार्टी के नेताओं को संविधान बचाओ रैलियां करने का निर्णय लेते हुए इसमें जुट जाने को कहा गया है।

**नेता विपक्ष व पीसीसी चीफ पर चर्चा नहीं**

बैठक के दौरान हरियाणा कांग्रेस मामलों के प्रभारी बीके हरिप्रसाद संगठन विस्तार, नया संगठन तैयार करने और विधायक दल नेता के नाम पर चर्चा कर करेंगे लेकिन इस पर चर्चा नहीं की गई। इस दौरान बैठक में शामिल इनका मुद्दे पर चर्चा नहीं छेड़ी गई। वहीं नए प्रदेश अध्यक्ष और जिला अध्यक्षों की नियुक्ति पर भी कोई बातचीत नहीं हुई।

हरियाणा के युवाओं के लिए गोल्डन चांस

## इसरो व अहम संस्थानों में जाएंगे पॉलिटेक्निक के मेधावी विद्यार्थी

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा पॉलिटेक्निक कॉलेज विद्यालयों में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों से मेधावी विद्यार्थियों को अब राज्य की नायब सैनी सरकार इसरो संस्थान की सैर कराएगी। इसके अलावा भी विभाग की ओर से बड़े कदम उठाते हुए राज्य के पॉलिटेक्निक कॉलेज विद्यार्थियों को देश के नामी गिरामी संस्थानों में लेकर जाया जा रहा है। जिसमें एससीएल (सेमी कंडक्टर लैब लिमिटेड) के अलावा सीएसआईआर जैसे संस्थानों में एक से दो दिनों का प्रशिक्षण दिए जाने की योजना है। इसके अलावा विभाग जल्द ही आई-7 सिस्टम ( इनटेल का प्रोसेसर) खरीद की दिशा में सब फाइनल हो गया है।

**पहला बैच 24 अप्रैल से**

जानकारी अनुसार सेमी-कंडक्टर प्रयोगशाला (एससीएल) चंडीगढ़ से लगते मोहाली में स्थित है। यह भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत आता है, जहां पर नए नए शोध के लिए संस्थान स्थापित है। यहां पर यह भी बता दें कि यह एससीएल अंतरिक्ष विभाग के अधीन था। यहां पर सेमीकंडक्टर और चिप आदि को लेकर युवा बारीकियों को समझने का काम करेंगे। इसके लिए पहला बैच 24 अप्रैल को भेजा जा रहा है। इस बारे में खुद विभाग के डीजी वरिष्ठ आईएएस ने संस्थान में बात की है। इसमें अंतिम वर्ष इंजीनियरिंग इलेक्ट्रानिक्स व कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रिकल के विद्यार्थियों को भेजा जा रहा है। एक बैच में 30 से 35 युवाओं को शामिल किया जा रहा है।

### इसरो के लिए हरि झंडी

हरियाणा पॉलिटेक्निक कॉलेजों के मेधावी युवाओं पर उनका विभाग और सूबे की नायब सैनी सरकार मेहरबान है। पहली बार युवाओं 30 से लेकर 40 तक को अहमदाबाद स्पेस सेंटर ले जाने की तैयारी है। हालांकि इसके लिए अभी तारीख तय नहीं है। लेकिन तीन से चार दिनों की यात्रा होगी और हवाई यात्रा के जरिये विद्यार्थी जाएंगे। यह अपने आप में पहला उदाहरण होगा लेकिन हाल ही में होने वाली सेमेस्टर की परीक्षा के बाद यह मौका मिलेगा। खुद इसरो में रह चुके वरिष्ठ आईएएस व विभाग के डीजी सरदार प्रभुजोत सिंह ने इसके लिए गंभीर प्रयास कर सरकार से सहमति ले ली है। इसके साथ ही नेशनल एग्रीकल्चर बायोटेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट मोहाली भी ले जाने के लिए तैयारी कर ली गई है। लेकिन इसके लिए विशेष सब्जेक्ट पीएचडी करने वाले रिसर्च स्कालर ही जा सकेंगे। इसके लिए भी मुरथल, जीजेयू यूनि. की ओर से 18 और 15 विद्यार्थियों को लेकर जाने की योजना है।

### खास प्रशिक्षण मिलेगा

इस तरह से हर विषय को लेकर संबंधित विभाग के युवाओं को भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिसमें इंडस्ट्री रिसर्च से लेकर, इलेक्ट्रानिक्स, कंप्यूटर, सेमीकंडक्टर चिप आदि को लेकर भी खास प्रशिक्षण की तैयारी है।






## खबर संक्षेप

### सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक में सेंध का प्रयास

**कैथल।** चोरों ने सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक अरनौली की खिड़की तोड़कर बैंक में चोरी का प्रयास किया लेकिन वे कामयाब नहीं हो सके। इस संबंध में सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक अरनौली के प्रबंधक संजीव शर्मा ने चीका पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 21 अप्रैल की रात को चोर खिड़की तोड़कर बैंक में अंदर चोरी करने का प्रयास किया लेकिन वह कामयाब नहीं हो सके। मामले के जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल सतीश कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विधवा की पेंशन व बैंक कॉपी लेकर युवक फरार

**कैथल।** कस्बा सीवन से एक युवक एक विधवा महिला की 3000 की पेंशन तथा बैंक की कॉपी लेकर फरार हो गया। सीवन की विधवा महिला देशो देवी ने बताया कि 22 अप्रैल को दोपहर बारह बजे जब वह बैंक से अपनी बुढ़ापा पेंशन के 3000 रुपये राशि निकलवा कर आ रही थी। जैसे ही वह क्रांति मोहल्ले में कुएं के पास पहुंची तो एक बाइक पर सवार एक युवक उसकी पेंशन की राशि तथा बैंक की कॉपी का लिफाफा छीन कर फरार हो गया। सीवन थाना के सब इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विवाह समारोह में आया युवक लापता, केस

**कनीना।** गांव झिगावन में शादी समारोह में आया युवक लापता हो गया। इस बारे में झिगावन वासी रामअवतार ने सिटी पुलिस थाना में दी शिकायत में बताया कि उसके साले कैलाश का लड़का रजनीश 14 अप्रैल को झिगावन में आयोजित शादी समारोह में हिस्सा लेने के लिए आया हुआ था। शादी के बाद 16 अप्रैल को रजनीश को सिसर जाने के लिए कनीना बस स्टैंड पर छोड़ा था, जो अब तक सिसर नहीं पहुंचा है। परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं सका। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### अवैध हथियार रखने के दोषी को चार साल कैद

**कैथल।** अतिरिक्त सेशन जज डा. अमित कुमार गर्ग ने अवैध पिस्तौल रखने के जुर्म में एक युवक को 4 साल की कैद और 10000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर 4 महीने की अतिरिक्त कैद भी भुगतनी होगी। इस बारे में थाना सिविल लाइन में 10 दिसंबर 2022 को शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस में जितेश उर्फ सांडा निवासी गोहाना को एक देशी अनलोडिड पिस्तौल 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया था। तब से यह मामला अदालत में चल रहा था।

# सरकारी खरीद बंद होते ही बढ़ सकते है गेहूं के दाम, व्यापारियों ने डबल की कमर्शियल खरीद

■ यूएस के टैरिफ वार व यूक्रेन युद्ध के कारण व्यापार प्रभावित ■ विश्व में बढ़ी भारतीय गेहूं की डिमांड

सुरेन्द्र असीजा ▶▶ फतेहाबाद

पंजाब-हरियाणा में कम बारिश के बावजूद गेहूं का उत्पादन अच्छा हो रहा है। इस बीच ट्रम्प के टेरिफ वार और यूक्रेन युद्ध का असर अब गेहूं पर पड़ने जा रहा है। यही कारण है कि विश्व के अनेक देशों में भारत के गेहूं की डिमांड बढ़ गई है। ऐसे में इस बार गेहूं के दामों में एकाएक बढ़ोतरी के आसार बन रहे हैं। निर्यात से जुड़े व्यापारी तो यहां तक कह रहे हैं कि मण्डियों में जैसे ही गेहूं की सरकारी खरीद बंद होगी, वैसे ही खुले बाजार में गेहूं के दाम बढने लग जाएंगे। कृषि व खाद्य पूर्ति विभाग से जुड़े अधिकारी इसकी पुष्टि भी करते हैं। बता दें कि गेहूं की सरकारी खरीद शुरू होने से पहले गेहूं के दाम काफी ज्यादा थे। खरीद शुरू होने से ठीक पहले सरकार ने एफसीआई का गेहूं खुले बाजार में उतारा तो गेहूं के दाम थोड़े कम जरूर हुए। अब व्यापारियों का मानना है कि सरकारी खरीद बंद होते ही गेहूं के दाम फिर से बढ़ेंगे। यही कारण है कि इस बार व्यापारियों ने पिछले साल से दोगुना गेहूं का स्टाक किया है। यूक्रेन-रूस युद्ध के चलते पिछले काफी समय से यूक्रेन के बंदरगाहों से गेहूं की आपूर्ति बंद है। इस वजह से दुनिया की लगभग एक चौथाई से ज्यादा गेहूं की जरूरत को पूरा करने वाले देश रूस और यूक्रेन से गेहूं का निर्यात बाधित है। यूक्रेन गेहूं का बढ़ा उत्पादक देश है। निर्यात ठप्प होने से अनेक देश गेहूं के लिए भारत की ओर देख रहे हैं। विश्व के अनेक देशों में गेहूं को लेकर संकट खड़ा हो गया है। यही कारण है कि विदेशों में भारत के गेहूं की डिमांड बढ़ गई है। बड़ी अच्छी बात यह है कि पंजाब और हरियाणा में इस बार विपरीत मौसम के बावजूद गेहूं का उत्पादन प्रति एकड़ पिछले साल से ज्यादा है।

■ मौसम की मार के बाद भी प्रदेश में गेहूं का रिकॉर्ड उत्पादन

गेहूं की सरकारी खरीद शुरू होने से पहले खुले बाजार में गेहूं का रेट 3200 रुपये प्रति क्विंटल पहुंच गया था। सरकार को आशंका हुई कि अगर रेट यही रहे तो किसान सरकारी एजेंसियों को गेहूं नहीं बेचेगा क्योंकि सरकार का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 है और बाजार का रेट इससे 600 से 800 रुपये प्रति क्विंटल ज्यादा था। सरकार ने एफसीआई के माध्यम से 50 हजार एमटी गेहूं बाजार में बेचा तो रेट नियंत्रण में आए। इस बीच किसानों की गेहूं मण्डियों में आ गई। अब मंडियों की ओर देखें तो बीते वर्ष से इस वर्ष आज के ही दिन तक एक लाख मीट्रिक टन गेहूं की कम आवक हुई है। यानि कि उत्पादन ज्यादा होने के बावजूद मण्डियों में गेहूं कम आ रही है।

जिला में अब तक 26081 किसानों की 4 लाख 20 हजार टन गेहूं खरीदा है। इसमें से 2 लाख 23 हजार टन गेहूं मण्डियों में पड़ा हुआ है। सरकार ने इसकी एवज में 26081 किसानों को 450 करोड़ रुपये की राशि उनके खातों में ट्रांसफर की है। बता दें कि अभी तक खरीद एजेंसियों ने मात्र 197019 मीट्रिक टन गेहूं की फसल का उठान किया है, जिसमें फूड सप्लाई ने 27045 मीट्रिक टन, हैफेड ने 91331 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी ने 66591 मीट्रिक टन व एफसीआई ने 12051 मीट्रिक टन गेहूं की फसल का उठान किया गया है। जिला में अब तक 26081 किसानों की विभिन्न एजेंसियों द्वारा 420511 मीट्रिक टन गेहूं फसल की खरीद की गई है जिसमें से फूड सप्लाई ने 4030 किसानों की 61135 मीट्रिक टन, हैफेड ने 9867 किसानों की 182783 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी ने 9601 किसानों की 159981 मीट्रिक टन व एफसीआई ने 2583 किसानों की 16611 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है।

### बीते वर्ष से कम रहेगी गेहूं की खरीद

बीते वर्ष सरकारी खरीद एजेंसियों ने जिले में करीब 7 लाख टन गेहूं की खरीद की थी। इस बार सरकार ने हालात को देखते हुए लक्ष्य 5 फीसदी कम रखा है लेकिन माना जा रहा है कि सरकारी खरीद एजेंसियां पिछले साल के आंकड़े को छू तक नहीं पाएंगी।



### व्यापारी कर रहे गेहूं का स्टाक

व्यापारियों को पूरी उम्मीद है कि इस बार गेहूं के रेट बढ़ेंगे। यही कारण है कि व्यापारी गेहूं खरीदकर स्टाक कर रहे हैं। फतेहाबाद के बड़े व्यापारियों ने काफी गेहूं खरीदा है। बीते वर्ष व्यापारियों ने पूरे सीजन में 1 लाख 19 हजार 502 क्विंटल कमर्शियल गेहूं खरीदा था वहीं अब तक 1 लाख 94 हजार गेहूं की कमर्शियल खरीद हो चुकी है। फतेहाबाद के डीएमईओ हीरा लाल ने इसकी पुष्टि की है। बता दें कि अभी गेहूं का सीजन बाकी है। किसान भी अपने स्तर पर गेहूं मण्डियों में लाने की बजाय खुद ही स्टोर कर रहे हैं। इसके अलावा राजस्थान में हरियाणा से 150 रुपये प्रति क्विंटल गेहूं के दाम ज्यादा होने से राजस्थान से सटी जिले की भट्टू मण्डी का गेहूं राजस्थान जा रहा है। यह भी एक कारण है कि सरकारी खरीद एजेंसियों को गेहूं कम मिल रहा है।

### पांच साल में गेहूं की खरीद

| वर्ष | कुल खरीद |
|---|---|
| 2020-21 | 7,12,551 एमटी |
| 2021-22 | 6,94,461 एमटी |
| 2022-23 | 4,29,641 एमटी |
| 2023-24 | 6,14,656 एमटी |
| 2024-25 | 7,01,641 एमटी |

### साइबर ठगों का शिकार बना सिपाही, क्रेडिट कार्ड 75 हजार निकाले

**फतेहाबाद।** साइबर ठगों ने हरियाणा पुलिस के एक सिपाही को अपना शिकार बनाते हुए उसके क्रेडिट कार्ड से हजारों रुपये की राशि निकाल ली। पुलिस को दी शिकायत में शिव नगर फतेहाबाद निवासी जोगिन्द्र कुमार ने कहा है कि वह हरियाणा पुलिस विभाग में बतौर सिपाही, जिला फरीदाबाद में कार्यरत है। कुछ महीने पहले उसके मोबाइल पर अनजान लिंक पर क्लिक होने के कारण एपीके फाइल डाउनलोड हो गई थी। इससे उसके फोन का एक्सेस अनजान व्यक्ति के पास चला गया। उसने आरोप लगाया कि अज्ञात ठगी ने इसके बाद उसके एचडीएफसी बैंक के क्रेडिट कार्ड से 75 हजार 900 रुपये निकाल लिए।

### नौकरी देने के नाम पर युवती से लाखों की ठगी

**गुरुग्राम।** साइबर थाना मानेसर एरिया में नौकरी का झांसा देकर साइबर ठगों ने युवती का बैंक खाता खाली कर दिया। पुलिस को दी शिकायत में मुनमुन मुखर्जी ने बताया कि वह दो महीने से नौकरी की तलाश कर रही थी। ऐसे में उन्हें ई कॉमर्स कंपनी अमेजन के नाम पर जॉब ऑफर हुई। इस जॉब के लिए उन्हें टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया। उन्हें टास्क दिया गया और उसकी पेमेंट की जाने लगी। इसके बाद उनसे चार लाख रुपए मांगे गए। यह रुपए न देने पर उन्हें और कार्य न मिलने की बात कही गई। इसके बाद उन्होंने काफी मुश्किलों से चार लाख रुपए एकत्र किए और आरोपियों को छह बार में रुपये ले लिए। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## आईआईएम के निदेशक धीरज शर्मा को हाईकोर्ट से बड़ी राहत

■ केंद्र सरकार द्वारा योग्यता को लेकर जारी किया गया शो-कॉज नोटिस तकनीकी आधार पर हाईकोर्ट ने खारिज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

आईआईएम रोहतक के निदेशक धीरज शर्मा को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार द्वारा उनकी योग्यता को लेकर जारी किया गया शो-कॉज नोटिस तकनीकी आधार पर खारिज कर दिया है। अदालत ने स्पष्ट रूप से कहा कि यह नोटिस उस प्राधिकरण द्वारा जारी किया गया था, जिसे ऐसा करने का अधिकार ही नहीं था। अदालत ने अपने आदेश में कहा है। चूंकि यह नोटिस ऐसे प्राधिकरण द्वारा जारी किया गया है, जिसे अधिकार नहीं था, इसलिए इसे रद्द किया जाता है। हाई कोर्ट ने शर्मा की नियुक्ति को भी सही ठहराया और उनके 15 वर्षों के अनुभव पर उठाए गए सवालों वाली याचिका को भी खारिज कर दिया।

याचिका में यह भी आरोप लगाया गया था कि उनके बैचलर, मास्टर और एमबीए की डिग्रियां संदिग्ध परिस्थितियों में प्राप्त हुई थीं। हालांकि, अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता इस संबंध में कोई ठोस प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सके, जैसे कि संबंधित विश्वविद्यालयों या कॉलेजों से ऐसे दस्तावेज जिनसे यह साबित हो कि डिग्रियां जाली या फर्जी हैं। यह आदेश जस्टिस कुलदीप तिवारी ने दो अलग-अलग याचिकाओं का निपटारा करते हुए पारित किया। ये याचिकाएं अमिताभ चौधरी और एक अन्य व्यक्ति द्वारा दायर की गई थीं, जिनमें शर्मा की नियुक्ति को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि शर्मा के पास प्रथम श्रेणी की डिग्री नहीं है, जो निदेशक पद के लिए आवश्यक है।

### ये था मामला

इसके अतिरिक्त, धीरज शर्मा द्वारा भी एक याचिका दायर की गई थी, जिसमें उन्होंने 28 मार्च 2022 को जारी उस शो-कॉज नोटिस को चुनौती दी थी, जिसमें उनसे पूछा गया था कि उन्होंने स्नातक में द्वितीय श्रेणी प्राप्त होने की जानकारी छिपाकर प्रशासनिक और कानूनी कार्रवाई से बचने की कोशिश क्यों की। इस नोटिस में यह भी आरोप था कि शर्मा ने लगभग पांच वर्षों तक अपनी स्नातक की डिग्री प्रस्तुत नहीं की थी। इसके जवाब में शर्मा ने यह तकनीकी आपत्ति उठाई कि उक्त नोटिस भारत सरकार के अवर सचिव द्वारा जारी किया गया था, जो नियमों के अनुसार नियुक्ति प्राधिकारी नहीं था और इसलिए उसे यह अधिकार ही नहीं था। इस प्रकार, अदालत ने तकनीकी और साक्ष्य के अभाव में याचिकाओं को खारिज करते हुए धीरज शर्मा को राहत प्रदान की है।

## युवक का अपहरण कर 12 लाख की फिरौती मांगी

■ पैसे न देने पर मारने की धमकी, दो पर केस दर्ज

**कैथल।** सिणद गांव में युवक को विदेश भेजने के नाम पर घर के बाहर से अपहरण करने का मामला सामने आया है। इस मामले में आरोपियों ने युवक से 12 लाख रुपये की फिरौती मांगी।

इसके बाद पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। कलायत थाना में दी गई शिकायत में सिणंद निवासी नरेश कुमार ने बताया कि उसका बेटा अंकित विदेश जाना चाहता था। इसके लिए उन्होंने गांव उझाना निवासी अंकित व धमतान निवासी सोनू से बातचीत की। ये दोनों युवाओं को विदेश भिजवाने का काम करते हैं। दोनों ने उसके बेटे को विदेश भेजने के लिए 18 लाख रुपए मांगे। इस पर उन्होंने हामी भर दी। आरोपियों ने उसके बेटे के दस्तावेज ले लिए और जल्द विदेश भेजने की बात कही।

20 अप्रैल को दोनों आरोपी उसके बेटे को घर से यह कहकर अपने साथ ले गए कि इसके फिंगरप्रिंट करवाने हैं, ताकि जल्द से जल्द वीजा लग सके। बाद में आरोपी उसके बेटे को कहीं बाहर ले गए और वहां से उसे जम्मू ले गए। अब आरोपियों ने वहां पर उसके बेटे को अपहरण कर लिया है और उससे फोन करके 12 लाख रुपये फिरौती मांग रहे हैं। हालांकि शुरू में आरोपियों ने 25 लाख रुपये की मांग की थी, लेकिन बाद में 12 लाख रुपये देकर उसके बेटे को छोड़ने की बात कही है। साथ ही धमकी दी है कि अगर जल्द रुपये नहीं दिए तो उसके बेटे को जान से मार देंगे। कलायत थाना प्रभारी जयभगवान ने बताया कि पुलिस ने युवक के पिता की शिकायत पर दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गुरुग्राम में घर में आग लगी परिवार बाल-बाल बचा

**गरुग्राम।** राजेंद्र पार्क थाना क्षेत्र में रतन विहार स्थित उपहार रेजिडेंसी की दूसरी मंजिल पर बने फ्लैट में बुधवार की दोपहर आग लग गई। दो दमकल गाड़ियों ने लगभग डेढ़ घंटे में आग को बुझाया। जिस फ्लैट में आग लगी वह अवनीश मिश्रा नामक व्यक्ति का फ्लैट है। इस आगजनी में कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ है। फ्लैट में आग लगने के कारणों का पता नहीं लग पाया है। भीमनगर स्थित फायर स्टेशन के अधिकारी नरेंद्र ने बताया कि रतन विहार के प्लॉट नंबर-124 से 126 पर उपहार रेजिडेंसी बनी हुई है। इसी रेजिडेंसी के दूसरी मंजिल पर बने फ्लैट में आग लग गई थी। सूचना मिलते ही दो दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गई। दोनों गाड़ियों की टीमों ने लगभग डेढ़ घंटे में आग पर काबू पा लिया। दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत करके पहली व तीसरी मंजिल पर आग को पहुंचने से रोक लिया। उन्होंने बताया कि इस आगजनी में फ्लैट में रखा सारा सामान जल गया है।

## कैथल में तीन फर्म किसानों के दस करोड़ से ज्यादा लेकर फरार, हंगामा

**कैथल।** बुधवार को नई अनाज मंडी की तीन फर्म करीब 40-50 किसानों के करोड़ों रुपये लेकर भाग गया। आरोपी आढ़तियों ने बिना जे-फार्म भरे ही उनके पास आई गेहूं की फसल को सीधा निजी एजेंसी को बेच दिया और रुपये ले लिए। बता दें कि इन आढ़तियों ने रुपये देने के लिए अपने बुलाया था, लेकिन किसानों के आने से पहले ही यह आढ़ती भाग गए। इसके बाद किसानों ने रोष स्वरूप आढ़तियों की दुकान पर धरना दिया और रोष जताया। इसके बाद काफी संख्या में किसान एकत्रित हुए और इन आरोपी आढ़तियों के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दे दी है। धोखाधड़ी के शिकार हुए अधिकतर किसान चंदाना और प्यौदा गांव व इसके आस-पास के क्षेत्र में है। इस मामले में इन आरोपी आढ़तियों पर करीब 10 करोड़ रुपये लेकर भागने का आरोप किसानों ने लगाया है। किसान नेता होशियार गिल ने बताया कि देवीदयाल और रजत कुमार ट्रेडिंग कंपनी से शीशपाल व ऋषिपाल और केशव ट्रेडिंग कंपनी के आढ़तियों ने आई-फार्म तो भरा, लेकिन जे-फार्म नहीं भरा व गेहूं निजी एजेंसी को बेच दी।



ऐसे की गई धोखाधड़ी : किसान नेता होशियार गिल ने बताया कि गेहूं बेचने के लिए आढ़ती को आई फार्म और जे-फार्म भरना होता है। आई-फार्म आढ़ती एसोसिएशन की सोसायटी के पास भेजा जाता है। जबकि जे-फार्म भरने के बाद आढ़ती को उसकी कमीशन मिलती है। जबकि गेहूं बिक्री का रुपये सीधा आढ़तियों के खाते में जाता है। इन आरोपी आढ़तियों ने आई-फार्म तो भर दिया, लेकिन यह फार्म भरने के बाद सीधा ही निजी एजेंसी को गेहूं बेच दी। जबकि इसका रुपये स्वयं ले लिए।

## कुरुक्षेत्र में पटवारी व उसका सहायक रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत बुधवार दोपहर एंटी करप्शन ब्यूरो अम्बाला ने शाहबाद तहसील कार्यालय में पटवारी मनोज कुमार और उसके सहायक संदीप कुमार को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। पूरी कार्रवाई का नेतृत्व इंस्पेक्टर पवन कुमार ने किया। जानकारी के अनुसार, तंगौर गांव निवासी संदीप कुमार ने शिकायत दी थी कि शाहाबाद तहसील में तैनात पटवारी मनोज कुमार और उसका सहायक, उनकी 5 कनाल 18 मरले जमीन विरासत का इंतकाल करने के बदले 2,000 रुपये की रिश्वत मांग रहे हैं। शिकायतकर्ता ने पहले ही 500 रुपये सहायक को दे दिए थे और शेष 1,500 रुपये पटवारी को देने थे। शिकायत की सत्यता जांचने के लिए एंटी करप्शन टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया।

टीम ने संदीप कुमार को 500-500 रुपये के तीन नोट दिए, जिन पर विशेष केमिकल युक्त रंग लगाया गया था। जैसे ही संदीप ने पटवारी मनोज कुमार को 1,500 रुपये दिए, टीम ने तुरंत दबिश दी और दोनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान पटवारी से 1,500 रुपये और सहायक से पहले ली गई 500 रुपये की रिश्वत की रकम बरामद हुई। इसके बाद दोनों आरोपियों के हाथों को विशेष केमिकल में डाला गया, जिससे रंग लगे नोटों का रंग उनके हाथों पर फैल गया और रिश्वत लेने की पुष्टि हो गई। इंस्पेक्टर पवन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को आगामी कानूनी कार्रवाई के लिए अम्बाला ले जाया गया है। उन्होंने कहा कि विभाग भ्रष्टाचार के मामलों में पूरी सख्ती से काम कर रहा है और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।



## आईपीएल : बोल्ट ने चार विकेट झटके, बने मैन ऑफ द मैच

# रोहित की शानदार पारी से मुंबई ने हैदराबाद को सात विकेट से हराया

भाषा ▸▸ हैदराबाद

रोहित शर्मा (70) के लगातार दूसरे अर्धशतक की मदद से मुंबई इंडियंस ने बुधवार को आईपीएल के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराया। मुंबई इंडियंस की यह लगातार चौथी जीत है जिसके बाद टीम अंकतालिका में छठे से तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। सनराइजर्स हैदराबाद के आठ विकेट पर 143 रन के जवाब में मुंबई ने 15 . 4 ओवर में तीन विकेट पर 146 रन बनाए। रोहित ने 46 गेंद में आठ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 70 रन की पारी खेली। सूर्यकुमार यादव ने 19 गेंद में नाबाद 40 रन बनाए जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल थे।

रोहित ने तीसरे ओवर में पैट कमिंस की आफ कटर पर डीप स्कवेयर लेग के ऊपर से छक्का और फिर चौका लगाकर अपने इरादे जाहिर कर दिये थे। इंपैक्ट सब्स्टीट्यूट के रूप में खेल रहे रोहित ने हालात को बखूबी पढ़ा और उसके अनुसार खेला। उन्होंने जयदेव उनादकट को कवर के ऊपर दूसरा छक्का लगाया। इससे पहले हेनरिक क्लासेन के 44 गेंद में 71 और अभिनव मनोहर के 43 रन की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद ने खराब शुरूआत से उबरते हुए आठ विकेट पर 143 रन बनाए। सनराइजर्स की शुरूआत बहुत खराब रही और उसके पांच विकेट सिर्फ 35 रन पर गिर गए थे। इसके बाद क्लासेन ने पारी को संभाला। दक्षिण अफ्रीका के इस बल्लेबाज ने 44 गेंद की अपनी



पारी में नौ चौके और दो छक्के लगाए। उन्होंने इंपैक्ट सब्स्टीट्यूट अभिनव के साथ 99 रन की साझेदारी की। अभिनव ने 37 गेंद में दो चौकों और तीन छक्कों के साथ 43 रन बनाए। अंकतालिका में नीचे से दूसरे स्थान पर काबिज सनराइजर्स का शीर्षक्रम सपाट और कठोर विकेट पर टिक नहीं सका। सनराइजर्स के शीर्षक्रम के बल्लेबाजों ने पूरी तरह निराश किया। ईशान किशन (एक) ने मैदान से जाने का फैसला किया जबकि गेंद उनके बल्ले को छूकर विकेटकीपर के हाथ में नहीं गई थी। दीपक चाहर की गेंद लेग साइड के बाहर से जा रही थी जिसे अंपायर ने वाइड करार दिया।

### रॉयल चैलेंजर्स को घर में पहली जीत की तलाश, अब तक तीन मैचों में मिली हार

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु गुरुवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीगके मैच में जब राजस्थान रॉयल्स का सामना करेगा तो उसका लक्ष्य अपने घरेलू मैदान चिन्नास्वामी स्टेडियम में अपने रिकॉर्ड में सुधार करना होगा। आरसीबी ने चिन्नास्वामी स्टेडियम में अभी तक जो तीन मैच खेले हैं उन सभी में उसे हार का सामना करना पड़ा है। आरसीबी ने देश के अन्य स्थानों पर अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन अपने घरेलू मैदान पर खराब प्रदर्शन के कारण उसको नुकसान हो रहा है। आरसीबी के बल्लेबाज अजीब तरह के दबाव में नजर आ रहे हैं जबकि उसके गेंदबाज भी यहां की पिच से सामंजस्य नहीं बिठा पा रहे हैं। यहां की पिच धीमी है और आरसीबी के बल्लेबाज उस पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। वह इस दुविधा में नजर आते हैं कि संभलकर खेला जाए या फिर आक्रामक रवैया अपनाया जाए। इसका सबूत यहां टीम का स्कोर है। आरसीबी की टीम अभी तक यहां आठ विकेट पर 169 रन, सात विकेट पर 163 रन और नौ विकेट पर 95 रन (14 ओवर में) ही बना पाई है। अन्य स्थानों पर उन्होंने प्रति ओवर 9-10 रन बनाए हैं, लेकिन यहां यह दर गिरकर 7-8 रन प्रति ओवर हो गई है।

**विथ्या का 400 मीटर बाधा दौड़ में रिकॉर्ड बेहतर :** कोच्चि। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता विथ्या रामराज ने राष्ट्रीय फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में 400 मीटर बाधादौड़ में स्वर्ण जीता और रिकॉर्ड दुरुस्त किया।

### काली पट्टी बांधकर उतरे खिलाड़ी




इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के मैच में खिलाड़ी और अंपायर काली पट्टी पहनकर मैदान में उतरे। दरअसल, पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद ये फैसला लिया गया है। ये बदलाव पहलगाम में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए किया गया है।


## उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

संख्या:-एस.डब्लू/सिंग/अंबाला/एन.आई.टी.-01/2024-25 दिनांक: 22.04.2025

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा खुलने कि तिथि समय | अनुमानित लागत रूपये | धरोहर राशि रूपये | कार्य पूरा करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ओटी -01/ 2025-26 | प्रोविजिन ऑफ आई.बी. एस. बिटविन सरसावा (एस एस डब्लू) कलानौर (के एन जेड) स्टेशन ऑन अंबाला–सहारनपुर सेक्शन ओवर अंबाला डिविजन | 22.05.2025 at 15.00 hrs | ₹ 9421646.68/- | ₹ 188400/- | 180 दिन |

**नोटः–** वरि. मंडल सिंग एवं टेली. इंजी./उ.रे., डी.आर.एम. ऑफिस, रेल बिहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारों से उारोक्त संदर्नित कार्यों हेतु खुली निविदा दर्शायी गयी तिथि अनुसार **15:00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारों के द्वारा सभी आवश्यक इस्तावेज की स्केन प्रतिलिपि अपलोड करें। **1.** टेन्डर डाकूमैंटस व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे बेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर लाग ऑन करें। **2.** निविदाकारों को **ई–टेण्डरिंग** में भाग लेने के लिए उनके पास **क्लास-III** डिजीटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा उन्हे उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारों से निवेदन है कि टेन्डर नोटिस और टेन्डर डाकूमेन्टस में दी गई हिदायतों/शर्तों इत्यादि को टैन्डर डालने से पहले भली भांति पढ़ लें।

1208/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## कार्यालय सहायक कृषि अभियंता जींद

### टैन्डर नोटिस

इच्छुक सेवा प्रदाता से कृषि विभाग जींद की आवश्यकता अनुसार अनुबंध आधार पर तीन लेजर लेवलर मशीनों से किसानों की भूमि समतल करवाने के लिए ट्रैक्टर एंव ट्रैक्टर ड्राईवर/आपरेटर सहित उपलब्ध करवाने हेतू मोहर बंद निविदाएं/कुटेशन आमंत्रित की जाती है जो कि सहायक कृषि अभियंता जीद को संबोधित हो। निविदाए 10000 रू बतौर धरोहर राशि के साथ दिनाक 07 मई 2025 को सांय 5:00 बजे तक सहायक कृषि अभियंता जींद के कार्यालय में जमा करवा सकते हैं तथा दोपहर 12:00 बजे तक माननीय अतिरिक्त उपायुक्त महोदय की अध्यक्षता में गठित कमेटी के समक्ष उनके कार्यालय में खोली जायेगीं।

नियम एवं शर्तें इस प्रकार से हैं।

1. टैन्डर प्रति घंटा की दर से भरा जाना होगा।
2. ट्रैक्टर कम से कम 60 एचपी व 2020 के बाद के मॉडल के होने चाहिए।
3. Quote की गई दरें 180 दिनों तक मान्य होंगी तथा कार्य के आधार पर अदायगी की जायेगी।
4. लेजर लेवलर मशीन कृषि विभाग द्वारा दी जायेगी।
5. सेवा प्रदाता यह सुनिश्चित करेगा कि ओपरेटर यह मशीन चलाने में सक्षम है।
6. कार्य के लिए ट्रैक्टर द्वारा खपत डीजल संबधित किसान द्वारा दिया जायेगा अधिक जानकारी हेतु सहायक कृषि अभियंता जींद से सम्पर्क करें। सम्पर्क करें'-911681297900

**हस्ता/-सहायक कृषि अभियंता, जींद**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जगमेंदर** पुत्र राम किशन निवासी मकान नं. 419, गांव व डाकखाना – भावर, तहसील – गोहाना, सोनीपत, हरियाणा ने सी.टी. सं. 511/2020 धारा 138 एन. आई. एक्ट, थाना के.एन.के. मार्ग, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **जगमेंदर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **जगमेंदर** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि सी.टी. सं. 511/2020 धारा 138 एन.आई. एक्ट, थाना के.एन.के. मार्ग, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **जगमेंदर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **26.05.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः सुश्री रूबी नीरज कुमार,**
**मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, (उत्तर),**
**कमरा नं. 115, प्रथम तल,**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

DP/5048/RD/2025

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह, जिला महेन्द्रगढ़ में फिल्ड-डे कार्यकम का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रम में प्रतिदिन 200 किसानों द्वारा भाग लिया जाना निश्चित हुआ है। इस दौरान बागवानी से संबंधित "तरबूज की खेती" एवं "मशरूम उत्पादन" विषय पर किसानों को विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की जाएगी। इस कार्यक्रम में बागवानी विभाग, हरियाणा एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, महेन्द्रगढ़ के अधिकारीगण एवं तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा उपरोक्त विषय पर तकनीकी जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही उद्यान विभाग, हरियाणा द्वारा किसानों के प्रोत्साहन के लिए चलाई जा रही विभिन्न किसान कल्याणकारी स्कीमों की जानकारी भी प्रदान की जाएगी। इस दौरान जिले के प्रगतिशील बागवानी किसानों के खेत / युनिट पर किसानों को भ्रमण कराया जाएगा जिससे किसान नवीनतम बागवानी तकनीक की जानकारी प्राप्त कर सकें। फिल्ड-डे कार्यक्रम का विवरण निम्न प्रकार से है:-

| क० सं० | दिनांक | फिल्ड-डे कार्यक्रम का विषय |
|---|---|---|
| 01 | 24.04.2025 | तरबूज की खेती |
| 02 | 25.04.2025 | मशरूम उत्पादन |

इस कार्यकम में भाग लेने के लिए जिला महेन्द्रगढ़ एवं आस-पास के क्षेत्र के किसान दिनांक 24 व 25 अप्रैल 2025 को प्रातः 11:00 बजे एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह, जिला महेन्द्रगढ़ में आमंत्रित हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह कार्यालय में दूरभाष न० 01285-244076, 9983414484 पर संपर्क करें।

**हस्ता/-परियोजना अधिकारी एवं विषय विशेषज्ञ**
**एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह**

पीआरडीएच 1149/11/807/2026/34124/88/6 दि. 23.04.25


### द्रविड़ का अनुमान

# टीमें और खिलाड़ी नए होने से घरेलू मैदान का फायदा नहीं



एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु

राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने बुधवार को कहा कि खिलाड़ियों के नई टीमों से जुड़ने और मैदान के हालात की अधिक जानकारी नहीं होने से टीमें आईपीएल के इस सत्र में घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा नहीं मिलने की बात कर रहीं हैं।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, चेन्नई सुपर किंग्स, लखनऊ सुपर जाइंट्स और कोलकाता नाइट राइडर्स जैसी कई टीमों ने अपने घरेलू मैदान पर पिचों को लेकर असंतोष जताया है। द्रविड़ ने आरसीबी के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के मैच की पूर्व संध्या पर कहा, 'यह मैदान पर निर्भर करता है। मैं नहीं जानता कि टीमें अपने क्यूरेटर से क्या चाहती हैं। मेगा नीलामी के बाद टीमें नई भी हैं।



नीलामी के बाद पहले साल कई खिलाड़ी ऐसे हैं जो उन मैदानों पर पहली बार खेल रहे हैं। मसलन फिल साल्ट केकेआर के साथ था और यहां पहली बार आरसीबी के लिए खेला है। हमारी टीम में नीतिश राणा नया है जो इसी साल से हमसे जुड़ा है। उसके लिए जयपुर नया मैदान है।'

### जिम्बाब्वे ने विदेशी जमीन पर 7 साल बाद चखा जीत का स्वाद

**नई दिल्ली।** जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम ने बड़ा उलटफेर करते हुए बांग्लादेश को उनके घर पर में पहले टेस्ट में तीन विकेट से मात दी। इसके साथ ही मेहमान टीम ने 2 मैचों की सीरीज में बढ़त भी बना ली है। जिम्बाब्वे ने 2018 के बाद पहली बार घर से बाहर पहला टेस्ट मैच जीता है। इस मैच में बांग्लादेश के मोमिनुल हक ने खास रिकॉर्ड बनाया। वह टेस्ट में बतौर फील्डर सबसे ज्यादा कैच (41) लेने वाले बांग्लादेशी प्लेयर बने।

### रूद्राक्ष और पांच अन्य सेमीफाइनल में पहुंचे

**अम्मान।** रूद्राक्ष सिंह खाइदेम (46 किलो) समेत भारत के सभी छह मुक्केबाज बुधवार को एशियाई अंडर 15 और अंडर 17 मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंच गए। रूद्राक्ष ने किर्गीस्तान के ऐदार मुसाएव को 3-0 से हराया। लड़कों के अंडर 15 वर्ग में हरसिल (37 किलो) और संचित जयानी (49 किलो) ने 5-0 से जीत दर्ज की। संस्कार विनोद अतराम (35 किलो) ने 4-1 से मुकाबला जीता। परीक्षित बलहारा (40 किलो) ने मंगोलिया के अखमितखान नूरसलियेम को 3-2 से मात दी। लड़कियों के अंडर 15 वर्ग में मिल्की मेनाम (43 किलो) ने कजाखस्तान की येलदाना अब्दीगनी को 5-0 से हराया।


## निविदा सूचना

जिला जींद में फसल अवशेष प्रबंधन हेतु कृषि एवमं किसान कल्याण विभाग द्वारा कृषि उपकरणों (ट्रेक्टर स्ट्रा नेलर, दे रेक) के 3 सेट उपलब्ध करवाए जाने हैं। इन कृषि उपकरणों के सेट को किराये पर देने के लिये निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक निविदा कर्ता www.lind.gov.in में आवेदन फार्म डाउनलोड करके या सहायक कृषि अभियन्ता कार्यालय, जींद से प्राप्त करके दिनांक 15 मई 2025 (5:00 P.M. तक) अपनी सीलबंद निविदाएं सहायक कृषि अभियन्ता कार्यालय, जींद में जमा करवा सकते हैं। उपरोक्त कृषि उपकरणों को किराये पर देने के लिये तीन समूह बनाये गये है। प्रत्येक समूह में एक सेट (1 ट्रेक्टर 75 HP. 1 स्ट्रा नेलर, 1 दे रेक होंगे जिनका प्रयोग जिला जींद के खंडों विशेषरूप से नरवाना, उचाना, उझाना, अलेवा, पिल्लू खेड़ा, सफीदों, जुलाना तथा जींद में किया जायेगा ।

सभी निविदाएं दिनांक 16-05-2025 को दोपहर 2:00 बजे माननीय उपायुक्त जींद की अध्यक्षता में गठित कमेटी के समक्ष उनके कार्यालय में खोली जायेंगी। सभी निविदा कर्ताओ का उपस्थित होना अनिवार्य है।

**आवश्यक नियम व शर्तें निम्न प्रकार हैं।**

1 एक समूह के लिये 1 सेट (1 ट्रेक्टर 75 HP, 1 स्ट्रा नेलर, 1 दे रेक) का किराया न्यूनतम 12000/- प्रति माह तय किया गया है। अधिकतम किराया देने वाले निविदा कर्ताओं का ही चयन किया जायेगा ।
2. प्रत्येक समूह के लिये निविदा कर्ता को 1072500 की बैंक गारंटी जमा करवानी अनिवार्य है।
3. प्रत्येक समूह द्वारा प्रति सीजन 1000 मीट्रिक टन धान की पराली का प्रबंधन करना अनिवार्य है।
4. निविदा कर्ता के पास कृषि उपकरणों के रख रखाव के लिये निर्धारित मापदंडों के अनुसार शेड बनाना अनिवार्य है।
5. पांच वर्ष तक की अवधि के लिये निविदाकर्ता को मशीनों का रख रखाव बीमा सहित खुद ही करना होगा ।
6. निविदा की कार्य अवधि 5 वर्ष की रहेगी | अधिक जानकारी के लिये उप कृषि निदेशक, जींद कार्यालय या दूरभाष न० 01681297900 पर सम्पर्क करें।
7. प्रत्येक निविदा कर्ता को पिछले तीन वर्षों में किये गये कार्य की रसीद/बिल/विभागीय प्रमाण पत्र (2000 MT) जमा करवाना होगा ।
8. एक निविदा कर्ता को एक सेट / सभी सेट (जो भी उपयुक्त होगा) दिया जायेगा/दिए जायेंगे, टेंडर में अधिकतम रेट जो होगा उसी रेट पर सभी सेट उपलब्ध होंगे ।

**हस्ता/-सहायक कृषि अभियंता**
**कृषि एवम किसान कल्याण विभाग, जींद**

## जेल विभाग, हरियाणा

**बेज नं. 03-06, सेक्टर-14, पंचकूला**

टेली. : 0172-2586721, ई-मेल : office_dg.prisons@hry.nic.in

### वॉक-इन-इंटरव्यू हेतु सूचना

जेल विभाग, हरियाणा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय (एमओएसजेई), भारत सरकार के नशीली दवाओं की मांग में कमी के लिये राष्ट्रीय कार्यवाही योजना की स्कीम के तहत हरियाणा राज्य की 15 जेलों में 15 बिस्तर वाले नशामुक्ति केन्द्रों को प्रारम्भ करने की प्रक्रिया में है। पदों का विवरण, उनकी योग्यता और पारिश्रमिक निम्न प्रकार से हैं :-

| क्र. सं. | पदों का नाम | शैक्षणिक योग्यता और अनुभव | मासिक पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|
| 01. | प्रोजैक्ट कोऑर्डिनेटर | स्नातक सहित ऐसे केन्द्रों का प्रबंधन करने का न्यूनतम 3 वर्ष की अवधि का अनुभव अथवा ऐसे केन्द्रों को चलाने के लिये प्रदर्शनीय क्षमता और कम्प्यूटर्स का वर्किंग नॉलेज रखने वाले। | 30,000/- |
| 02. | काउंसलर/सामाजिक कार्यकर्ता/मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता | किसी संकाय में स्नातक सहित क्षेत्र में तीन वर्ष का अनुभव। उसके पास एनआईएसडी द्वारा डी-एडिक्शन काउंसलिंग में तीन माह के प्रशिक्षण कोर्स का एक प्रमाण-पत्र अवश्य होना चाहिए और अंग्रेजी के साथ-साथ एक क्षेत्रीय भाषा का ज्ञान होना चाहिए। | 25,000/- |
| 03. | नर्स/वार्ड ब्वॉय | नर्सों को ऑग्जीलियरी नर्स मिडवाइफ (एएनएम) के रूप में क्वालीफाइड और किसी मान्यताप्राप्त सरकारी चिकित्सा संस्थान द्वारा प्रशिक्षित होना चाहिए। **वार्ड ब्वॉय हेतु :-** 8वीं कक्षा उत्तीर्ण अधिमानतः ऐसे केन्द्रों में अनुभवी। किसी आईआरसीए में नियुक्त वार्ड ब्वॉय को एनआईएसडी द्वारा प्रशिक्षित अवश्य होना चाहिए। | 20,000/- |
| 04. | सहकर्मी शिक्षक | साक्षर ; 1-2 वर्ष के परहेज सहित पूर्व-ड्रग यूजर, नशा करने वाली जनसंख्या के बीच कार्य करने के इच्छुक के साथ-साथ विशेषताएं जैसे संवेदना, संचार कौशल रखने वाला होना चाहिए। प्रशिक्षण प्राप्त करने का इच्छुक ; नशीली दवाओं का उपयोग करने, खरीदने, अथवा बेचने से परहेज रखने के लिये सहमत ; हानिकारक नशीली दवाओं का उपयोग और पुनरावर्तन के निषेध हेतु कार्य करने के लिये तैयार। | 10,000/- |

**वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि और स्थान :-** विभिन्न रिक्त अनुबंधात्मक पदों को भरने के लिये वॉक-इन-इंटरव्यू 02.05.2025 को पूर्वा. 9.00 बजे सम्बन्धित जेलों में आयोजित किया जाएगा :-

| क्र. सं. | जेल का नाम | पद जिनके लिये वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। | पदों की सं. | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 01. | सेंट्रल जेल, अम्बाला | काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता | 01 | एक वर्ष अथवा मुख्य कार्यालय के निर्देशानुसार जो भी पहले है |
| 02. | जिला जेल, कुरुक्षेत्र | काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता | 02 | -उक्त- |
| 03. | जिला जेल, पानीपत | प्रोजैक्ट कॉर्डिनेटर | 01 | -उक्त- |
| | | काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता | 02 | -उक्त- |
| | | सहकर्मी शिक्षक | 01 | -उक्त- |
| 04. | जिला जेल, गुरुग्राम | सहकर्मी शिक्षक | 01 | -उक्त- |
| 05. | जिला जेल, फरीदाबाद | प्रोजैक्ट कॉर्डिनेटर | 01 | -उक्त- |
| | | सहकर्मी शिक्षक | 01 | -उक्त- |
| 06. | जिला जेल, झज्जर | काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता | 01 | -उक्त- |
| 07. | जिला जेल, कैथल | नर्स / वार्ड ब्वॉय | 01 | -उक्त- |
| 08. | जिला जेल, जीन्द | काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता | 01 | -उक्त- |
| 09. | जिला जेल, नारनौल | सहकर्मी शिक्षक | 01 | -उक्त- |
| 10. | जिला जेल, सोनीपत | काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता | 01 | -उक्त- |

**नियम एवं शर्तें ;**

1. आवेदकों को 02.05.2025 को पूर्वा. 9.00 बजे उपरोक्त वर्णित जेलों में उपस्थित होने का परामर्श दिया जाता है। मूल दस्तावेजों को साक्षात्कार के दौरान चैक किया जाएगा और उसके पश्चात प्राप्त किसी आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
2. साक्षात्कार में उपस्थित होने अथवा चयन और नियुक्ति के प्रस्ताव की स्वीकृति के पश्चात नियुक्ति के स्थान पर ज्वाइन करने के लिये उम्मीदवारों को कोई टीए/डीए का भुगतान नहीं किया जाएगा।
3. आवश्यक योग्यताएं / अनुभव को पूरा करने मात्र से ही चयन की गारंटी नहीं दी जाती है। उम्मीदवारों की नियुक्ति के सम्बन्ध में चयन समिति का निर्णय अन्तिम होगा और इस सम्बन्ध में कोई अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
4. उपरोक्त पद पूर्णतया अनुबंध आधार पर और उपरोक्त अवधि के लिये है।
5. चयनित उम्मीदवारों को कोई एचआरए / चिकित्सा दावा / परिवहन भत्ता इत्यादि का भुगतान नहीं किया जाएगा।

**आवेदन कैसे करें :-** पात्र और इच्छुक आवेदकों को अपने विधिवत भरे हुये आवेदन प्रपत्र (प्रारूप संलग्न) और बायो-डेटा / रिज्यूमे / सीवी (नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ विधिवत चिपकाए हुये सहित) सहित मूल प्रमाण-पत्रों और साथ-साथ आयु, योग्यताओं, अंकतालिका, डिग्री, एमसीआई/स्टेट रजिस्ट्रेशन, श्रेणी और अनुभव प्रमाण-पत्र इत्यादि के समर्थन में सम्बद्ध दस्तावेजों की स्व-सत्यापित छायाप्रति का एक सैट और दो नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ सहित वॉक-इन-इंटरव्यू के लिये उपरोक्त जेलों में 02.05.2025 को पूर्वा. 9.00 बजे उपस्थित होना चाहिए।

**हस्ता/- उप अधीक्षक (प्रशा.),**
**कृते महानिदेशक, जेल, हरियाणा**

पीआरडीएच-1277/11/83/2026/34116/88/6 दि. 23.04.25

## हरियाणा सरकार | निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | सेक्टर-9 फतेहाबाद में 200 बिस्तर वाले हस्पताल का निर्माण (एचवीएसी कार्य का प्रावधान केवल)। | 22.04.2025 01.05.2025 | 921.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में लघु सचिवालय फेज-I के डीजी सैट को बदलना (160 केवीए डीजी सैट का प्रावधान केवल)। | 22.04.2025 01.05.2025 | 19.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव बलाली ब्लॉक झोझू कलां में ऑक्सीजन पार्क, वृक्षारोपण, जल संग्रहण टैंक और वॉकिंग ट्रैक का निर्माण (स्कीम - डीएमएफ)। | 21.04.2025 28.04.2025 | 25.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9417527275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज रोहतक | गांव ताजा माजरा, गद्दी खेड़ी, डोभ में शिव धाम + 1 कार्य। | 22.04.2025 28.04.2025 | 29.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज नारनौल | ढाणी बाठोठा, ब्लॉक नारनौल, व्यायामशाला का निर्माण। | 22.04.2025 01.05.2025 | 40.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9017179090 prexeeng.nrl@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज पलवल | जिला परिषद पलवल ग्रुप-ए के विभिन्न सम्पर्क सड़कों की वार्षिक मरम्मत (रोड आईडी 712, 728, 785, 5979, 7047, 7808, 8267, 8610, 8995, 9252 और 9253) वित्तीय वर्ष 2025-26 + 2 कार्य। | 22.04.2025 28.04.2025 | 43.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 prexeengzppwl@gmail.com |
| 7 | बी.पी.एस. राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां सोनीपत | बीपीएस जीएमसी (डब्ल्यू) खानपुर कलां सोनीपत में एयर कंडीशनर (1.5 टन) और एयर कंडीशनर (2 टन) के प्रावधान हेतु ई-निविदा + 1 अन्य कार्य। | 23.04.2025 01.05.2025 | 20000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9728972827 Bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 8 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह | एसएचकेएम जीएमसी नल्हार नूह में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के व्यापक रखरखाव हेतु निविदा। | 25.04.2025 14.05.2025 | 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 01267-282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 9 | सिविल सर्जन, भिवानी | प्रशिक्षण और अन्य प्रयोजन हेतु भोजन। | 23.04.2025 12.05.2025 | ईएमडी 20000 | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275 xenprcharkhidadri@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/180/34151/I/88/6 दि. 23.04.25

## चिंतन

# बांग्लादेश की यूनुस सरकार को सबक देना बहुत जरूरी

बांग्लादेश में जो हो रहा है, वो भारत के हित में तो कतई नहीं है। वहां की अंतरिम सरकार एक के बाद एक ऐसे फैसले ले रही है जिसके चलते दोनों देशों के रिश्ते बुरे दौर से गुजर रहे हैं। अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस चिकन नेक पर बयान देकर नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है। बांग्लादेश में जिस तरह की बयानबाजी हो रही है,उससे साफ जाहिर होता है कि वहां पाकिस्तान की खुफिया जांच एजेंसी आईएसआई धीरे-धीरे अपने पांव पसार रही है। मोहम्मद यूनुस इस खेल में सिर्फ एक मोहरा हैं, जिसका मकसद भारत के पूर्वी हिस्से, खासकर पूर्वोत्तर राज्यों में शांति भंग करना है। ये पाकिस्तान की पुरानी आदत है, जिसमें वो सामाजिक हिंसा और अस्थिरता को बढ़ावा देकर भारत को परेशान करता है। उसका हर संभव प्रयास रहता है कि किसी भी तरह से भारत में अशांति का माहौल पैदा किया जा सके। हालांकि अपने इन प्रयासों के चलते पाकिस्तान कंगाली के हालात में पहुंच गया है, लेकिन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। पाकिस्तान की इन कोशिशों में हमेशा की तरह चीन खुलकर उसका साथ दे रहा है। वैसे भी यह चीन के लिए बांग्लादेश में पांव पसारने का मौका है। सत्ता बदलने के बाद से बांग्लादेश की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। निवेश के लिए बांग्लादेश चीन पर निर्भर हो गया है। चीन ये बात अच्छी तरह समझता है। इसीलिए चीन ने बांग्लादेश में तेजी से निवेश बढ़ाया है। उसे लगता है कि बांग्लादेश में अपनी जड़ें जमाकर वो भारत पर धौंस जमा सकता है। जबकि यह उसकी भूल है। सच्चाई ये है कि बांग्लादेश में सरकार चला रहे यूनुस अभी कूटनीति के मंझे खिलाड़ी नहीं हैं। वो भावनाओं में बहकर बांग्लादेश को बंगाल की खाड़ी का इकलौता संरक्षक बता गए। आज भी बांग्लादेश की निर्भरता भारत पर सबसे ज्यादा है। खाद्यान से लेकर तकनीक तक बांग्लादेश भारत पर निर्भर है। बांग्लादेश से मेडिकल इमरजेंसी में इलाज कराने के लिए लोग भारत ही आते हैं। सभी लोग चाहते हैं कि बांग्लादेश के साथ रिश्तों में सुधार हो, लेकिन वहां की अंतरिम सरकार फिलहाल बाहरी हाथों में खेल रही है। ये बात मोहम्मद यूनुस भी जानते हैं कि अगर भारत भी उसी रवैये पर उतरा जिस पर बांग्लादेश है तो उनके लिए बहुत मुश्किल हो जाएगी। उन्हें पता है कि चाहे चीन कितना भी निवेश बढ़ाए, लेकिन बांग्लादेश और चीन की संस्कृति में कोई मेल नहीं है। ऐसा ही पाकिस्तान के साथ भी है। आम बांग्लादेशी के मन में आज भी पाकिस्तान के प्रति घृणा का भाव है। बांग्लादेश के गठन को लेकर पाक सरकार ने जिस तरह से नरसंहार किया और आंदोलन को कुचला उसे आज भी वहां के लोग नहीं भूले हैं। यही कारण है कि दो पक्षीय वार्ता के दौरान बांग्लादेश ने पाकिस्तान से माफी की भी मांग की है। जहां तक बात चिकन नेक की है तो मोहम्मद यूनुस ने चीन से बांग्लादेश के लालमोनिरहाट में एयरबेस बनाने में मदद मांगी है। ये एयरबेस चिकन नेक इलाके के काफी पास है। अभी तक के हालात से तो ऐसा कतई नहीं लगता कि चीन वहां पर अपना सैन्य बेस बनाएगा, हां! ये जरूर हो सकता है कि वो इसका उपयोग खुफिया तंत्र के रूप में करे। बांग्लादेश में चीन की रणनीति क्या है, इसका अभी खुलासा होना बाकी है। भारत को इससे बहुत ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। जिस तरह से बांग्लादेश की अंतरिम सरकार हमारे विरोधियों से गलबहियां कर रही है, उसे सही मौके पर सही सबक सिखाना बहुत जरूरी है।



दो टूक
योगेश कुमार गोयल

# आतंक का कठोर जवाब देगा भारत

यह वही रक्तरंजित मानसिकता है, जो 1990 में कश्मीरी हिंदुओं के साथ देखने को मिली थी। नाम पूछकर की गई हत्याएं केवल शारीरिक हत्या नहीं हैं बल्कि वे सीधे तौर पर इस देश के बहुलतावादी ताने-बाने पर हमला हैं। यह आतंकवाद की सबसे गिरी हुई, विभाजनकारी और असभ्य शक्ल है, जो मानवीय गरिमा, धार्मिक स्वतंत्रता और सांस्कृतिक सहिष्णुता को सीधा चुनौती देती है। इस पाशविक कृत्य ने यह प्रमाणित कर दिया कि आतंकवादी अब केवल सैनिक लक्ष्यों को नहीं बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक लक्ष्यों को भी निशाना बना रहे हैं और यह संकेत है कि हमें अपने सुरक्षा दृष्टिकोण को और व्यापक व गहन बनाना होगा।

कश्मीर की वादियां एक बार फिर निर्दोषों के खून से रंगी हैं। पहलगाम क्षेत्र में दशहतगर्दों ने अंधाधुंध गोलियां चलाकर दो दर्जन से भी अधिक पर्यटकों की नृशंस हत्या कर दी। दिल दहला देने वाला यह आतंकी हमला एक बार फिर इस यक्ष प्रश्न को जन्म देता है कि आखिर कब तक भारत की संप्रभुता, एकता और नागरिकों की सुरक्षा पर ऐसे कायराना हमलों का साया मंडराता रहेगा? यह हमला न केवल हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा की संवेदनशीलता को रेखांकित करता है बल्कि यह भी दर्शाता है कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की जड़ें अब भी घाटी में जहर उगल रही हैं। यह घटना ऐसे समय हुई है, जब घाटी में पर्यटन का सीजन चरम पर है और पहलगाम की बेहद खूबसूरत वादियां लाखों सैलानियों का स्वागत कर रही थी। ऐसे में इस आतंकी कृत्य ने न केवल जानमाल की अपूरणीय क्षति पहुंचाई है बल्कि भारत की सामरिक संप्रभुता और मानवीय चेतना पर भी गहरा आघात किया है।

कहा जाता है कि आतंक का कोई धर्म नहीं होता लेकिन इस हमले ने कुछ और ही तस्वीर पेश की। आतंकियों ने अपने कुकृत्य की पराकाष्ठा पार करते हुए नाम पूछ-पूछकर पर्यटकों को गोली मारी। यह कोई सामान्य गोलीबारी नहीं थी बल्कि चयनात्मक हत्या थी। आतंकियों ने पहले पर्यटकों को रोका, उनसे नाम, पहचान और यहां तक कि धर्म भी पूछा और उसके आधार पर उन पर गोलियां चलाईं। यह क्रिया स्पष्ट रूप से सांप्रदायिक घृणा से प्रेरित थी, जो पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के मूल एजेंडे का हिस्सा रही है। यह वही रक्तरंजित मानसिकता है, जो 1990 में कश्मीरी हिंदुओं के साथ देखने को मिली थी और अब एक बार फिर भयावह रूप में प्रकट हुई है। नाम पूछकर की गई हत्याएं केवल शारीरिक हत्या नहीं हैं बल्कि वे सीधे तौर पर इस देश के बहुलतावादी ताने-बाने पर हमला हैं। यह आतंकवाद की सबसे गिरी हुई, विभाजनकारी और असभ्य शक्ल है, जो मानवीय गरिमा, धार्मिक स्वतंत्रता और सांस्कृतिक सहिष्णुता को सीधा चुनौती देती है। इस पाशविक कृत्य ने यह प्रमाणित कर दिया कि आतंकवादी अब केवल सैनिक लक्ष्यों को नहीं बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक लक्ष्यों को भी निशाना बना रहे हैं और यह संकेत है कि हमें अपने सुरक्षा दृष्टिकोण को और व्यापक व गहन बनाना होगा। देश एक ओर जहां तकनीकी, आर्थिक और वैश्विक मंचों पर निरंतर मजबूत हो रहा है, ऐसे में आतंकवादियों द्वारा लक्षित नागरिकों, सुरक्षाबलों और सैलानियों को निशाना बनाया जाना इस बात का प्रमाण है कि दुश्मन की मानसिकता कितनी नीच, विद्वेषपूर्ण और छायायुद्ध की शैली में विकृत हो चुकी है। पाकिस्तान की आईएसआई और उससे पोषित आतंकी गुट, जिनमें लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे संगठन प्रमुख हैं, भारत की प्रगति और लोकतांत्रिक मजबूती को सहन नहीं कर पा रहे हैं। इस नृशंस हमले की रणनीति को देखें तो स्पष्ट हो जाता है कि आतंकियों का लक्ष्य केवल खून-खराबा नहीं बल्कि भारत की सुरक्षा रणनीति को चुनौती देना था। जिस प्रकार से जंगलों में छिपकर घात लगाकर हमला किया गया, वह गुरिल्ला युद्धनीति की उस शैली की ओर संकेत करता है, जिसे सीमा पार से प्रशिक्षित किया जाता है। यह न तो स्वतः स्फूर्त था, न ही किसी लोकल



रिएक्शन का परिणाम था बल्कि यह एक पूर्णतः योजनाबद्ध और निर्देशित हमला था, जिसमें तकनीकी सहायता, हथियारों की आपूर्ति और खुफिया जानकारी सब कुछ शामिल था। भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा नीति पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से आक्रामक और उत्तरदायी बनी है, यह हमला उसके प्रतिकार के रूप में भी देखा जा सकता है। धारा 370 हटने के बाद जिस प्रकार से इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास, आतंकियों पर कड़ा शिकंजा और नागरिक संवाद को पुनः स्थापित करने की कोशिशों जैसे जम्मू-कश्मीर में शांति स्थापना की दिशा में अनेक सफल प्रयास हुए हैं, वे लंबे समय से पाकिस्तान और उसके आकाओं को चुभ रहे थे। इसीलिए ऐसे हमलों के जरिये घाटी में एक बार फिर भय और भ्रम का वातावरण बनाना उनके एजेंडे का अहम हिस्सा है लेकिन अब समय आ गया है कि हम केवल निंदा या औपचारिक विरोध से आगे बढ़ते हुए हर आतंकी घटना के बाद शोक, संवेदना और कड़ी प्रतिक्रियाओं की परिपाटी को ठोस सैन्य और कूटनीतिक रणनीतियों से बदल डालें और इजराइल तथा अमेरिका की तर्ज पर अपने नागरिकों के विरुद्ध हुए प्रत्येक हमले का निर्णायक और दीर्घकालिक जवाब दें। पाकिस्तान की रणनीतिक गहराई में बैठे उन आकाओं को अब यह समझाने का समय आ गया है कि भारत केवल सहन करने वाला राष्ट्र नहीं है बल्कि निर्णायक प्रतिशोध लेने में भी सक्षम है। यह हमला सामरिक दृष्टि से भी हमारे लिए एक गंभीर चेतावनी है कि चाहे सीमा पर कंटीले तार हों या एलओसी पर निगरानी ड्रोन, यदि भीतर बैठे स्लीपर सेल सक्रिय हैं तो सुरक्षा व्यवस्था को पुनः पूर्णरूपेण अभेद्य बनाने की सख्त आवश्यकता है। हमें अपने इंटेलीजेंस नेटवर्क को भी अब इतना तीव्र, तीक्ष्ण और सतर्क बनाना होगा कि आतंकी योजना अपने आरंभिक चरण में ही निष्फल कर दी जाए। सेना, अर्धसैनिक बलों और स्थानीय पुलिस को एकीकृत कमांड संरचना के अंतर्गत प्रशिक्षित करना होगा ताकि प्रतिक्रिया केवल हथियारबंद ही नहीं बल्कि रणनीतिक भी हो। इस हमले ने मानवीय दृष्टिकोण से एक बार फिर आम नागरिकों की पीड़ा को उजागर किया है। जिन सैलानियों ने पर्यटन को घाटी की बहाली का जरिया माना, जो स्थानीय दुकानदार अपने रोजगार की उम्मीद से दुकानें खोले बैठे थे और वे बच्चे, जो शांत माहौल में शिक्षा ग्रहण कर रहे थे, सभी के सपनों पर इस हमले ने भय की कालिमा पोत दी। ऐसे हमलों की आड़ में कुछ मानवाधिकार संगठनों और तथाकथित बुद्धिजीवियों का मुखर होना अब एक शातिर रणनीति बन चुकी है। जब सुरक्षाबल आतंकियों को निष्क्रिय करते हैं तो यही वर्ग उन्हें 'नागरिक' या 'क्रांतिकारी' बता देता है। इस दोहरेपन पर भी सख्ती से लगाम कसने की जरूरत है। बहरहाल, यह आवश्यक है कि इस हमले की तह तक जाकर उसकी पृष्ठभूमि, योजना, वित्त पोषण और संलिप्त तत्वों को उजागर किया जाए। उन्हें 'कानून, सैन्य शक्ति और कूटनीति के त्रिशूल' से जवाब मिलना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी भारत को इस मुद्दे को और आक्रामक रूप से उठाना होगा कि पाकिस्तान आज भी आतंक का सबसे बड़ा निर्यातक है।

उसके विरुद्ध आर्थिक, राजनीतिक और सैन्य प्रतिबंधों का माहौल बनाना होगा। बहरहाल, पहलगाम का यह हमला केवल एक आतंकी हमला नहीं है बल्कि हमारे धैर्य, शक्ति और चेतना की परीक्षा है। यह देश की संप्रभुता पर हमला है और इसका जवाब इतना कठोर, स्पष्ट और निर्णायक होना चाहिए कि भविष्य में कोई आतंकी या उसका पालक भारत की ओर आंख उठाकर देखने का साहस न कर सके। भारत को पूरी दुनिया को अब यह साबित कर दिखाना होगा कि वह आतंक के विरुद्ध केवल एक पीड़ित राष्ट्र नहीं है बल्कि एक प्रचंड प्रतिकारक शक्ति भी है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

पहलगाम अटैक
डॉ. घनश्याम बादल




# हर हाल में नोचने होंगे आतंक के पंख

आतंकवाद का एक और घिनौना चेहरा पहलगाम में सामने आया है जब से कश्मीर से धारा 370 हटाई गई है एवं नई विधानसभा का गठन हुआ है तभी से आतंकवाद लगातार सर उठाने का प्रयास करता रहा है। सच यह भी है कि वहां आतंकवाद को प्रेशर देने के लिए पाकिस्तानी ख़ुफ़िया एजेंसियां और वहां की राजनीतिक मजबूरियां इसके पीछे सबसे बड़े जिम्मेदार तत्व हैं। लंबे समय से उन्हें वहां ज्यादा कुछ करने का मौका नहीं मिला था, ऐसे में उन्होंने पहलगाम की उस घाटी को चुना जो अमरनाथ यात्रा का भी एक मुख्य बिंदु है और अमरनाथ यात्रा के दौरान इस क्षेत्र का बहुत अच्छे से सेना एवं स्थानीय सुरक्षा बलों द्वारा सैनिटाइजेशन किया जाता रहा है लेकिन अभी अमरनाथ यात्रा दूर है इसलिए संभव है वहां की सतर्कता कम हुई हो और इसका फायदा आतंकवादियों ने उठाकर पर्यटकों की बड़ी संख्या में जान ले ली। ऐसे हमलों के पीछे आमतौर पर कई कारण और ताकतें होती शामिल हैं । यदि पहलगाम के आतंकी हमले पर एक निगाह डाली जाए तो साफ पता चलता है कि इस हमले में पाकिस्तान आधारित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा, और हिज्बुल मुजाहिदीन जैसे आतंकी संगठन कश्मीर घाटी में अस्थिरता फैलाने को आतुर जिम्मेदार हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि इन संगठनों को पाकिस्तान की ख़ुफ़िया एजेंसीज का हमेशा समर्थन मिलता रहा है। दरअसल पिछले लंबे समय से जम्मू कश्मीर शांत क्षेत्र के रूप में तरक्की की सीढ़ियां चढ़ता हुआ नजर आ रहा था और वहां पर पर्यटन उद्योग भी बहुत फल फूल रहा था और यह बात हमारे ईर्ष्यालु पड़ोसी को निराश आनी थी। आतंकवादी संगठन भारत में सांप्रदायिक तनाव और अस्थिरता फैलाना चाहते हैं ताकि देश की एकता और अखंडता को चोट पहुंचाई जा सके। पाकिस्तान का हमेशा से ही कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण करने का प्रयास जग जाहिर है। अब वह सीधे-सीधे तो भारत पर हमला करने की स्थिति में है नहीं क्योंकि उसकी एवं भारत की सैन्य ताक़त में ज़मीन आसमान का अंतर है। ऐसे में वह अपने पाले हुए आतंकी संगठनों का सहारा लेता रहा है। हमलों के ज़रिए ये संगठन दुनिया का ध्यान कश्मीर की ओर खींचना चाहते हैं ताकि उसे एक विवादित क्षेत्र के रूप में प्रस्तुत किया जा सके। यह संगठन अपने आका के कहने पर कश्मीर के पर्यटन और अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते रहते हैं। पहलगाम जैसे स्थान, अमरनाथ यात्रा और अन्य पर्यटन केंद्र आतंकियों के निशाने पर इसलिए होते हैं क्योंकि वे कश्मीर की अर्थव्यवस्था में योगदान करते हैं। हमलों से पर्यटन प्रभावित होता है।

अपनी स्लीपिंग सेल्स के माध्यम से यह संगठन स्थानीय युवाओं का कट्टरपंथीकरण और ब्रेन वाश भी लगातार करते रहे हैं जिससे उन्हें वहां के कुछ गिने-चुने स्थानीय लोगों का समर्थन भी मिल जाता है। ऐसे हमलों के ज़रिए ये ताकतें स्थानीय युवाओं को प्रभावित कर उन्हें उग्रवाद की ओर मोड़ना चाहती हैं। सेना, सीआरपीएफ और पुलिस बलों को निशाना बनाकर आतंकवादी उनके मनोबल को तोड़ने और जनता में भय का माहौल बनाने का प्रयास करते हैं। इस हमले में जिस टीआरएफ का नाम आया है जो एक नया लेकिन बेहद सक्रिय आतंकवादी संगठन है, जो विशेष रूप से कश्मीर घाटी में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए सक्रिय रहता है। वास्तव में यह संगठन लश्कर ए तैयबा की ही एक छद्म शाखा है जो 2019 में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के कुछ ही समय बाद बना था। अंतरराष्ट्रीय दबाव और प्रतिबंधों के कारण इसका नाम बदलकर एक नया चेहरा दिया गया। यह संगठन कितना चालाक है कि इसके सदस्य विभिन्न कंपनियों तक में कर्मचारियों के रूप में काम करते हैं। टीआरएफ सोशल मीडिया और साइबर स्पेस में भी सक्रिय रहता है, जहां ये युवाओं को कट्टरपंथी बनाने का काम करता है। बेशक, वर्तमान सरकार आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलती है और उसे इस पर शक्ति से चलना भी होगा। लेकिन बिना सोचे समझे और बिना रणनीति के कार्रवाई करना भी एक ग़लत संदेश देगा वहीं ऐसी हरकतों को चुपचाप सहना या इसमें बहुत देरी करना भी खतरनाक है। कुल मिलाकर अब बारी राज्य एवं केंद्र सरकार की है और उसे अपनी भूमिका बहुत अच्छे से निभाते हुए सिद्ध करना होगा कि भारत अब ऐसी गतिविधियों को किसी भी हाल में सहन करने वाला नहीं है। सभी राजनीतिक दलों को भी आगे बढ़कर बजाय राजनीति करने के आतंकियों के ख़िलाफ़ एकजुट होकर सरकार के साथ खड़ा होना चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सत्य की अनुभूति से जाग्रत होता है मन



संकलित
दर्शन

इच्छा आकाश के समान अनंत है' - यह मैं भी जानता हूं और आप भी जानते हैं। सब जानते हैं कि इच्छा पूर्ण नहीं होती, अपूर्ण बनी-की-बनी रहती है। पर सच्चाई का साक्षात्कार करने वाले विरल व्यक्ति ही मिलेंगे। साक्षात्कार वही व्यक्ति कर पाता है, जिसका शुक्ल पक्ष जाग गया है। इसे समझने के लिए एक प्रसंग है। कपिल दो मासे सोने के लिए राजा के पास गया। राजा ने कहा- मांगो। अब इच्छा को खेलने के लिए अनंत आकाश मिल गया। इच्छा बढ़ती गई और पूरे राज्य को पा लेने और राजा को रंक बनाने की बात सोचकर ही शांत हुई । मोड़ आया। सच्चाई का भान हुआ। शुक्ल पक्ष जाग गया। राजा ने कहा- मांगो। कपिल बोला- क्या मांगू? कुछ है ही नहीं इस संसार में। अब मैं जा रहा हूं, उस देश में जहां मांग नहीं है, चाह नहीं है। कपिल संन्यासी बन गया। सच्चाई का साक्षात्कार होते ही मांग पूरी हो जाती है, चाह समाप्त हो जाती है। जब तक सच्चाई का अवबोध नहीं होता, तब तक मांग कभी पूरी होती ही नहीं, चाह मिटती ही नहीं। सिद्ध पुरुष ने अपने भक्त से कहा- प्रसन्न हूं। कुछ मांगो। भक्त बोला- कुछ नहीं चाहिए। सिद्ध पुरुष ने देखा, यह कैसा भक्त! अमूल्य क्षण को खो रहा है। मांगने के लिए आग्रह किया। भक्त बोला- यदि आप देना ही चाहते हैं तो यह वरदान दें कि मेरे मन में चाह उत्पन्न ही न हो, मांग रहे ही नहीं। यह तब संभव है, जब सत्य का साक्षात्कार हो जाता है। अन्यथा लोग मांग को पूरी करने के चक्कर में कितने देवी-देवताओं की मनौतियां मनाते हैं, पूजा-अर्चना करते हैं।

# साधु प्रकृति के लोगों का साधन है भक्ति



संकलित
प्रेरणा

'भक्ति के प्रतिपादन के लिए ब्रह्म विषय के उत्तरकांड से ज्ञानकांड की सामान्यता दिखाई गई है।' शांडिल्य कहते हैं- वेदों में पहले क्रियाकांड है, कर्मवाद है; फिर दूसरे चरण में ब्रह्मज्ञान की बात है, ज्ञानवाद है; और फिर अंतिम चरण में ईश्वर की चर्चा है, भक्ति और भाव की बात है। नुष्य का अस्तित्व तीन तलों में विभाजित है- शरीर, बुद्धि, हृदय। या दूसरी तरह से कहें तो कर्म, विचार और भाव। इन तीनों तलों से स्वयं की यात्रा हो सकती है। स्थूलतम यात्रा होगी कर्मवाद की। इसलिए धर्म के जगत में कर्मकांड स्थूलतम प्रक्रिया है। दूसरा द्वार होगा ज्ञान का, विचार का, चिंतन-मनन। दूसरा द्वार पहले से ज्यादा सूक्ष्म है। दूसरे द्वार का नाम है- ज्ञान योग। तीसरा द्वार सूक्ष्मातिसूक्ष्म है- भाव का, प्रीति का, प्रार्थना का। उस तीसरे द्वार का नाम भक्ति योग है। कर्म से भी लोग पहुंचते हैं। लेकिन बड़ी लंबी यात्रा है। ज्ञान से भी लोग पहुंचते हैं। पर यात्रा संक्षिप्त नहीं है। बहुत सीढ़ियां पार करनी पड़ती हैं। पहले से कम, लेकिन तीसरे की दृष्टि में बहुत ज्यादा। भक्ति छलांग है। सीढ़ियां भी नहीं हैं, दूरी भी नहीं है। भक्ति एक क्षण में घट सकती है! भक्ति तत्क्षण घट सकती है। भक्ति केवल भाव की बात है। इधर भाव, उधर रूपांतरण। कर्म में तो कुछ करना होगा, विचार में कुछ सोचना होगा, भक्ति में न सोचना है, न करना है, होना है। इसलिए भक्ति को सर्वश्रेष्ठ कहा है। आज के सूत्रों में इसी की चर्चा है। शांडिल्य कहते हैं- ब्रह्माकांडं तु भक्तौ तस्य अनुज्ञानाया सामान्यात।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अनिद्रा की बीमारी महामारी का रूप धारण कर लेगी


भारत सारी दुनिया में विश्व गुरु बनने की राह पर प्रगतिशील है, मगर विकास यात्रा के नाम पर विदेशों का कचरा भी भरा जा रहा है। इस बदलते हुए वातावरण में आदमी का जीवन स्तर पहले से ज्यादा बेहतर हुआ, मगर हम असली–नकली का अंतर करने में फेल हो रहे हैं। हर माल का डुप्लीकेट पहुंच गया है। आज के दौर में हर इनसान का आहार तक नकली हो गया है, फिर धर्म की रक्षा कौन करेगा? नई–नई बीमारियां फैल रही हैं, कोरोना के बाद अब आशंका है कि अनिद्रा की बीमारी वैश्विक महामारी का रूप धारण कर लेगी। वर्ष 2037 तक भारत भी इससे प्रभावित होगा, अतः इसकी रोकथाम के लिए अभी से कारगर योजना का निर्माण शुरू हो जाना चाहिए।

–जगन सिंह, ठाकुर

## करंट अफेयर

### दक्षिण पूर्वी एशिया में बढ़ रही साइबर स्कैम सेंटर्स की संख्या

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण पूर्वी एशिया में दिन–पर–दिन साइबर स्कैम सेंटर बढ़ रहे हैं और ये दुनियाभर में भी फैल रहे हैं। गैंग के लोग कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए लगातार जगह बदलते रहते हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, पूर्वी और दक्षिण–पूर्वी एशिया में अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध समूह दुनियाभर में अपने स्कैम का जाल फैला रहे हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि जहां ये स्कैम सेंटर मौजूद थे, वहां सरकार और अधिकारी इन पर लगाम कसने के लिए कानूनी कार्रवाई शुरू कर रहे हैं। इससे बचने के लिए वे इलाके तलाश रहे हैं। ऐसे स्कैम सेंटर दक्षिण पूर्वी एशिया में कई सालों से चल रहे है। कंबोडिया,लाओस और म्यांमार, साथ ही फिलीपीन्स, इनका गढ़ माने जाते हैं और इसे अंजाम देने वाली अलग अलग गैंग एक बॉर्डर से दूसरे बॉर्डर घूमती रहते हैं ताकि वो किसी एक देश के कानून की गिरफ्त में ना आ सकें। यह स्कैम दुनिया में कई नए इलाकों तक भी पहुंच गए हैं। अफ्रीका और यहां तक कि लैटिन अमेरिका से भी ऐसी धोखाधड़ियों की खबरें आ रही हैं जहां स्कैमरों ने किसी को झूठे प्यार के जाल में फंसा लिया, या कोई झूठा निवेश और व्यापार का वादा कर के पैसे ऐंठ लिए या फिर गैरकानूनी सट्टेबाजी में लोगों को फंसा दिया हो।



## ऑफ बीट

### 'स्लीपिंग प्रिंस', कोमा में रहते मनाया 36वां जन्मदिन

सऊदी अरब के शाही परिवार के सदस्य प्रिंस अल–वालीद बिन खालिद बिन तलाल ने कोमा में रहते हुए 36 साल पूरे कर लिए हैं। दुनिया भर में वो 'स्लीपिंग प्रिंस' के नाम से जाने जाते है। उन्होंने कोमा में रहते हुए अपना जन्मदिन मनाया। वे पिछले लगभग दो दशकों से ऐसी ही हालत में हैं। प्रिंस अल–वालीद सऊदी अरब के संस्थापक किंग अब्दुलअज़ीज़ के परपोते हैं और प्रिंस तलाल बिन अब्दुलअज़ीज़ के पोते। वर्तमान सऊदी किंग सलमान बिन अब्दुलअज़ीज़ उनके दादा के भाई हैं, यानी प्रिंस के ग्रेट–अंकल। प्रिंस अल–वालीद 2005 में एक सैन्य कॉलेज में छात्र थे और एक सड़क दुर्घटना में उन्हें सिर पर गंभीर चोट आ गई। इसके बाद से वे कोमा में हैं और रियाद के किंग अब्दुलअज़ीज़ मेडिकल सिटी में वेंटिलेटर और फीडिंग ट्यूब के सहारे जीवित हैं। डॉक्टरों ने कई बार सुझाव दिया कि जीवन रक्षक उपकरणों को हटाया जाए, लेकिन प्रिंस के पिता, प्रिंस खालिद बिन तलाल ने इस सलाह को ठुकरा दिया। उन्होंने कहा, अगर अल्लाह चाहते कि वह दुर्घटना में मर जाए, तो वह कब्र में होता। प्रिंस अल–वालीद अब भी मेडिकल उपकरणों के सहारे जीवन से जुड़े हुए हैं। उनका परिवार अब भी हर दिन एक चमत्कार की उम्मीद में है।



## ट्रेंड

### आतंकियों को छोड़ेंगे नहीं



पहलगाम के आतंकी हमले में अपनों को खोने का दर्द हर भारतीय को है। इस दुःख को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। मैं अपने इन सभी परिवारों और पूरे देश को विश्वास दिलाता हूँ कि बेगुनाह मासूम लोगों को मारने वाले इन आतंकियों को बिल्कुल बख्शा नहीं जाएगा।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### विशेष उड़ान के निर्देश



कश्मीर की यात्रा पर गए 40 से अधिक कन्नड़ लोग आतंकवादी हमले के कारण फंस गए हैं। मैंने अधिकारियों को उन सभी को सुरक्षित रूप से राज्य में वापस लाने के लिए एक विशेष उड़ान की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है।

- सिद्धरमैया, सीएम, कर्नाटक

### अमित शाह इस्तीफा दें



एक ही जगह पर 2,000 से ज़्यादा टूरिस्ट मौजूद थे, लेकिन वहां एक भी सुरक्षा कर्मी नहीं था, ये एक गंभीर सुरक्षा चूक है, अमित शाह जिनके हाथ में वहां की सुरक्षा व्यवस्था है, को अपनी इस नाकामी के लिए पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### इंसाफ सुनिश्चित करें



पहलगाम में हुई हिंसा पर दुख एवं गुस्से को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। हम एक राष्ट्र के रूप में एकजुट होकर मजबूत बनें और इस जघन्य कृत्य के खिलाफ इंसाफ सुनिश्चित करें।

-शाहरुख खान, अभिनेता

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## चिकित्सकों पर बढ़ते हमलों से बचाने दिशा-निर्देश का अनुरोध

# शीर्ष अदालत से प्रत्येक गतिविधि की निगरानी की उम्मीद नहीं करनी चाहिए

पूर्व में ही गाइड लाइन दी गई प्रत्येक घटना को देखना असंभव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने चिकित्सकों पर बढ़ते हमलों से उन्हें बचाने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर विचार करने से बुधवार को इनकार कर दिया और कहा कि उससे (शीर्ष न्यायालय से) हर काम करने और हर गतिविधि पर नजर रखने की उम्मीद नहीं की जा सकती। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने उच्चतम न्यायालय के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि संबंधित दिशा-निर्देश पहले ही निर्धारित किए जा चुके हैं और याचिकाकर्ता उचित वाद दायर करने के लिए स्वतंत्र हैं। पीठ ने कहा कि आप उच्चतम न्यायालय से यह अपेक्षा नहीं कर सकते कि सभी कुछ वह करेगा और प्रत्येक गतिविधि पर निगरानी रखेगा। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश एक वकील ने जब चिकित्सकों पर हमले की घटनाओं का उल्लेख किया, तो पीठ ने कहा कि ये सभी बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हैं लेकिन उच्चतम न्यायालय यहां बैठकर प्रत्येक घटना की निगरानी नहीं कर सकता है।

### कथित आत्महत्या की जांच सीबीआई से कराने का अनुरोध किया गया

### स्त्री रोग विशेषज्ञ की आत्महत्या का मामला

पीठ 2022 में दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें चिकित्सकों पर हमले के मामले बढ़ने का आरोप लगाया गया था और उनकी सुरक्षा के लिए व्यापक दिशा-निर्देश तैयार करने का अनुरोध किया गया था। एक याचिका में राजस्थान के दौसा में एक स्त्री रोग विशेषज्ञ की कथित आत्महत्या की जांच सीबीआई से कराने का अनुरोध किया गया है। राजस्थान में प्रसव के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव के कारण एक मरीज की मौत के बाद भीड़ द्वारा कथित रूप से परेशान करने के बाद स्त्री रोग विशेषज्ञ ने आत्महत्या कर ली थी। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश एक वकील ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय के 21 अक्टूबर, 2022 के आदेश का हवाला दिया, जिसमें केंद्र और अन्य को नोटिस जारी कर इन याचिकाओं पर जवाब मांगा गया था।



### सामान्य निर्देश कैसे दिए जा सकते हैं?

पीठ ने कहा कि यह काम संसद को करना है। ये सभी नीतिगत मामले हैं। याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि चिंता की बात यह है कि देशभर के पुलिस थाने इलाज के दौरान दुर्भाग्यवश मरीजों की मौत हो होने पर चिकित्सकों के खिलाफ मामले दर्ज कर रहे हैं। पीठ ने पूछा कि सभी पुलिस थानों के खिलाफ इस तरह का आरोप कैसे लगाया जा सकता है? इसने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने अपने पिछले फैसले में पहले ही दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं और निर्देशों का उल्लंघन अवमानना के समान होगा। पीठ ने कहा किसामान्य निर्देश कैसे दिए जा सकते हैं?

### दूसरी पीठ केस को खारिज नहीं कर सकती

शंकरनारायणन ने कहा कि अक्टूबर 2022 में नोटिस के अनुसार, चार राज्यों ने अपने जवाब दाखिल किए और उन्होंने याचिका की स्वीकार्यता पर कोई आपत्ति नहीं जताई। पीठ ने पूछा कि तो क्या एक बार नोटिस जारी होने के बाद दूसरी पीठ याचिका को खारिज नहीं कर सकती? यदि यह तुच्छ नहीं है तो यह परेशान करने वाली बात है। शंकरनारायणन ने कहा कि मुद्दे न तो परेशान करने वाले हैं और न ही तुच्छ।अनुरोध किया कि 4राज्यों से जवाब आ चुके हैं, इसलिए उच्चतम न्यायालय इस मामले को दिल्ली उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दे।

### शिक्षाविद अशोक के 'आपत्तिजनक' ट्वीट हटाने से इनकार किया

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शिक्षाविद अशोक स्वैन की उस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें स्वैन ने अपने प्रवासी भारतीय नागरिकता कार्ड को रद्द करने के खिलाफ उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए एकल न्यायाधीश की टिप्पणियों को हटाने का अनुरोध किया था। भारत में जन्मे स्वीडिश शिक्षाविद् स्वैन ने कहा कि वह एकल न्यायाधीश की इस टिप्पणी से व्यथित हैं, जिसमें कहा गया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि याचिकाकर्ता के कुछ ट्वीट में 'आपत्तिजनक' संकेत थे और इसे भारत संघ के संवैधानिक तंत्र और वैधता को कमजोर करने वाला माना जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि एकल न्यायाधीश ने 28 मार्च के फैसले में पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि आदेश को स्वैन के खिलाफ आरोपों के गुण-दोष पर उनकी राय की अभिव्यक्ति के रूप में नहीं समझा जाना चाहिए।फैसले पर गौर करते हुए ओसीआई कार्ड रद्द करने के आदेश को खारिज कर दिया गया था। खंडपीठ ने कहा कि ये निष्कर्ष नहीं थे बल्कि एकल न्यायाधीश की प्रथम दृष्टया राय थी।

## बंगाल में 26,000 स्कूली नौकरियों का मामला

# स्कूल शिक्षा विभाग का हाईकोर्ट की अवमानना की पोषणीयत पर सवाल

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल शिक्षा विभाग ने बुधवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के समक्ष एक अवमानना याचिका की पोषणीयता पर सवाल उठाया, जिसमें राज्य में करीब 26,000 स्कूली नौकरियों के संबंध में उसके आदेश का पालन नहीं करने का दावा किया गया था। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि शिक्षा विभाग ने शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की ओएमआर शीट वेबसाइट पर अपलोड नहीं की है, जिन्होंने उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद अपनी नौकरी खो दी है, जिसमें कुछ संशोधनों के साथ उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखा गया था। शिक्षा विभाग के वकील ने न्यायमूर्ति देबांगसू बसाक और न्यायमूर्ति मोहम्मद शब्बार रशीदी की पीठ के समक्ष दलील दी कि चूंकि उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालय के कुछ निर्देशों को संशोधित किया है, इसलिए अवमानना की याचिका केवल शीर्ष अदालत के समक्ष ही दायर की जा सकती है।




### एसएससी ने लगाया प्रश्नचिन्ह

बंगाल स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने भी इसी आधार पर उच्च न्यायालय के समक्ष अवमानना आवेदन की पोषणीयता पर सवाल उठाया। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि चूंकि शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के निर्देशों में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया है, इसलिए उच्च न्यायालय के समक्ष अवमानना याचिका दायर की जा सकती है। अदालत ने कहा कि मामले की सुनवाई सोमवार को फिर से की जाएगी।

## राज्यसभा सीट पर मुकाबला तगड़ा

# टीडीपी और भाजपा एकसाथ ईरानी-अन्नामलाई रेस में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली





भाजपा तमिलनाडु के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई या पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी में से किसी एक को राज्यसभा उपचुनाव में एनडीए उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतार सकती है। यह सीट वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के नेता विजयसाई रेड्डी के इस्तीफे के बाद खाली हुई है। इस सीट के लिए उपचुनाव 9 मई को होगा।

इसी बीच, विजयसाई रेड्डी हाल ही में शराब घोटाले की जांच कर रही विशेष जांच दल के सामने पेश हुए। राज्यसभा उपचुनाव को लेकर एनडीए में हलचल तेज हो गई है। एनडीए की सहयोगी पार्टी तेलगु देशम पार्टी , भाजपा के उम्मीदवार को समर्थन दे सकती है। इसको लेकर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के मुख्य रणनीतिकार अमित शाह से मुलाकात कर सकते हैं।

# एक और सर्जिकल या एयर स्ट्राइक से दिया जाएगा पहलगाम हमले का जवाब!

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाई के विकल्पों पर रक्षा विशेषज्ञों की प्रतिक्रिया

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए 26 निर्दोष नागरिकों के मामले को लेकर एक ओर पूरा देश गुस्से से उबल रहा है। तो वहीं रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञों ने हरिभूमि से बातचीत में कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि इस हमले के गुनहगारों को भारत की तरफ से जल्द ही करारा जवाब दिया जाएगा। लेकिन अब सामरिक गलियारों में हो रही उच्च-स्तरीय चर्चाओं को उस दिशा की ओर केंद्रित करने का वक्त आ गया है। जिसमें एक ऐसा फ्रॉर्म्युला देश के सामने रखा जाए कि जिससे भारत की धरती से न केवल आतंकवाद के नासूर का हमेशा-हमेशा के लिए खात्मा हो जाए। बल्कि आतंकवाद के एपीसेंटर कहे जाने वाले पाकिस्तान के होश भी ठिकाने आ जाएंगे और वह दोबारा जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के नाम पर खून खराबा करने की हिम्मत न करे? सेना के पैदल दस्ते के महानिदेशक रहे सेवानिवृत्त अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल संजय कुलकर्णी ने कहा कि पुलवामा आतंकी हमले के बाद भारत की तरफ से जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पार कर की गई एयर स्ट्राइक या सेना द्वारा एलओसी पार कर की गई सर्जिकल स्ट्राइक जैसे आज के हालात नहीं हैं। क्योंकि पहलगाम हमले को लेकर पाकिस्तान का कोई सीधा संबंध अभी तक साबित नहीं हो सका है। पाक ने भी गाल बजाकर कहा है कि यह हमला भारत के कश्मीर में मौजूद आतंकियों ने किया है और इसमें उसकी कोई भूमिका नहीं है। उसका ये भी कहना है कि पहलगाम की एलओसी से दूरी करीब 250 से 300 किलोमीटर है। ऐसे में यह हमला उसके द्वारा यानी पाकिस्तान ने नहीं किया है। ऐसे में भारत द्वारा जवाबी कार्रवाई के विकल्प के तौर पर एलओसी पार करना खतरे से खाली नहीं होगा। मौजूदा चुनौतीपूर्ण सुरक्षा परिदृश्य के बीच उसके कई तरह के गंभीर दुष्परिणाम सामने आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ भारत को 2021 में किया गया संघर्ष विराम समझौता तोड़ना चाहिए।

## केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री गडकरी ने दिया प्रस्ताव

# जल्द ही हॉर्न की आवाज बांसुरी व तबले जैसी होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने हाल ही में एक नया और दिलचस्प प्रस्ताव पेश किया है। उन्होंने कहा है कि वह ऐसा कानून लाने पर विचार कर रहे हैं, जिससे गाड़ियों के तेज और कर्कश हॉर्न की जगह भारतीय संगीत वाद्ययंत्रों की मधुर ध्वनि सुनाई दे। हाल ही में दिल्ली में हुए एक कार्यक्रम में बोलते हुए गडकरी ने बताया कि भविष्य में गाड़ियों के हॉर्न से बांसुरी, तबला, वायलिन और हारमोनियम जैसी सुकून देने वाली आवाजें सुनाई दे सकती हैं।



### आवाज के प्रदूषण को कम करने की पहल

गडकरी ने इस पहल के पीछे की वजह भी समझाई। उनका कहना है कि सड़क किनारे होने वाला ध्वनि प्रदूषण कम करना बेहद जरूरी है ताकि लोगों को शहरी माहौल में राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि जैसे हम हवा की गुणवत्ता सुधारने की कोशिश करते हैं, वैसे ही अब हमें ध्वनि प्रदूषण को भी गंभीरता से लेना चाहिए। उनका मानना है कि शांत और स्वस्थ माहौल शहरों को रहने लायक बनाएगा।



**पहलगाम में आतंकी हमला**

# देश में शोक और गुस्सा, दुनिया सकते में

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में मंगलवार को हुए भयावह आतंकवादी हमले पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। वहीं पूरी दुनिया इस आतंकी हमले के बाद से सकते में है। हमले में 26 लोगों की मौत हो हुई है। इस कायराना हमले में 17 लोग घायल भी हुए हैं। इस हमले के शिकार हुए अधिकतर लोग पर्यटक थे, जो अपने परिवारों के साथ 'मिनी स्विट्जरलैंड' कहे जाने वाले बायसरन घूमने आए थे। 2019 में पुलवामा में हुए आतंकी हमले के बाद सबसे बड़ा हमला है। ये हमला ऐसे वक्त हुआ, जब पीएम मोदी देश से बाहर थे और अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भारत दौरे पर हैं। आतंकियों ने बहुत सोच समझकर हमले के समय को चुना है।



## इस समय हमला : सोची समझी रणनीति का हिस्सा

- अमेरिकी उपराष्ट्रपति भारत के दौरे पर हैं।
- अमरनाथ यात्रा का पंजीकरण शुरू हो चुका है।
- पाकिस्तान आर्मी चीफ का टू-नेशन थ्योरी वाला भड़काऊ बयान।
- जम्मू संभाग में आतंकरोधी अभियान जारी।

### धार्मिक उन्माद फैलाने की कोशिश

### पहले परिचय पत्र देखे और फिर हिंदू पर्यटकों को गोली मार दी

पहलगाम की बायसरन घाटी में मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे आतंकियों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलियां बरसा कर कम से कम 26 लोगों को मार डाला। ये आतंकी सेना की वर्दी में आए थे। आतंकियों ने पर्यटकों से पहले उनका धर्म पूछा, परिचय पत्र देखे और फिर हिंदू हो कहकर गोली मार दी। 26 मृतकों में ज्यादातर पर्यटक हैं, जबकि दो विदेशी व दो स्थानीय नागरिक शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे बायसरन घाटी के घास के मैदान में आतंकी घुस आए। इन आतंकियों ने खाने-पीने की दुकानों के आसपास घूम रहे, टट्टू की सवारी कर रहे पर्यटकों पर ताबड़तोड़ गोलीबारी शुरू कर दी।

### कौन है मास्टरमाइंड

इस कायराना हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े गुट द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है। खुफिया एंजेसियों से जुड़े सूत्रों के मुताबिक इस हमले का मास्टर माइंड लश्कर-ए तैयबा का डिप्टी चीफ सैफुल्लाह खालिद है। बताया जा रहा है सैफुल्लाह खालिद आतंकी हाफिज सईद का बेहद करीबी है। पाकिस्तानी सेना पर उसका इतना प्रभाव है कि सेना उसका फूलों से स्वागत करती है। वह सेना के अधिकारियों की पूरी मदद करता है। साथ ही पाकिस्तानी सेना के जवानों को भारत के खिलाफ भड़काता है। पहलगाम आतंकी हमले से दो महीने पहले सैफुल्लाह खालिद पाकिस्तान के पंजाब के कंगनपुर पहुंचा था। यहां उसे पाकिस्तानी सेना के कर्नल जाहिद जरीन खट्टक ने जिहादी भाषण देने के लिए वहां बुलाया था। वहां उसने पाकिस्तानी सेना को भारत के खिलाफ भड़काया। जम्मू-कश्मीर में लश्कर और टीआरएफ की आतंकी गतिविधियों को वही अंजाम दे रहा है।

### छह आतंकी थे हमले में शामिल!

बायसरन में हुए आतंकी हमले में अब तक छह आतंकियों के शामिल होने की बात सामने आई है। हमलावरों में दो पाकिस्तानी और दो स्थानीय आतंकी शामिल थे। दो अन्य के बारे में जानकारी अभी सामने नहीं आ सकी है। हमले में शामिल तीन संदिग्ध आतंकियों के स्केच जारी किए हैं। इनके नाम आसिफ फौजी, सुलेमान शाह और अबु तल्हा बताए गए हैं।

### पहलगाम कैसे पहुंचे?

कहा जा रहा है कि घटनास्थल पर आतंकी देवदार के घने जंगलों के रास्ते आए थे। यह माना जा रहा है कि आतंकी किश्तवाड़ के रास्ते आए और फिर कोकरनाग के जरिए दक्षिण कश्मीर के बायसरन पहुंचे। कुछ लोगों ने आतंकियों की संख्या पांच बताई है।

### आतंकियों ने हमले के लिए यही वक्त क्यों चुना ?

बायसरन घाटी में पर्यटकों पर हमले के लिए आतंकियों ने जो समय चुना वह पाकिस्तान की नापाक सोच को दर्शाता है। यह हमला पाकिस्तान आर्मी चीफ के टू-नेशन थ्योरी वाले भड़काऊ बयान, अमेरिकी उप-राष्ट्रपति के भारत दौरे, अमरनाथ यात्रा का पंजीकरण और जम्मू संभाग में आतंकरोधी अभियान के बीच हुआ है। रक्षा विशेषज्ञ हमले के समय को उस एजेंडे को बढ़ावा देना मान रहे है, जिसे 2019 के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने दफना दिया था। बायसरन जैसे आकर्षक पर्यटन स्थल पर हर साल लाखों को संख्या में पर्यटक आते हैं। यहां आतंकियों का हमला करना इस बात का संदेश देना है कि जम्मू-कश्मीर में सबकुछ सामान्य नहीं है। अमरनाथ यात्रा से पहले यह हमला इस बात का दबाव बनाने वाला है, कश्मीर में श्रद्धालु सुरक्षित नहीं हैं।

### अमेरिकी नेता के दौरे के दौरान पहले भी हुआ आतंकी हमला

अमेरिका के उप राष्ट्रपति जेडी वेंस इस वक्त भारत के दौरे पर हैं। वेंस के दौरे के बीच यह आतंकी हमला हुआ है। ये पहला मौका नहीं है जब किसी बड़े अमेरिकी नेता के दौरे के दौरान पाकिस्तान ने इस तरह की नापाक हरकत की है। इससे पहले साल 2000 में अनंतनाग जिले के चिट्टीसिंहपोरा गांव में 36 सिख ग्रामीणों का नरसंहार किया गया है। इस आतंकी हमले को 20 मार्च 2000 की रात को अंजाम दिया गया है। उस वक्त अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन 21 से 25 मार्च के दौरान भारत दौरे पर थे। तब तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने क्लिंटन के समक्ष पाकिस्तान की संलिप्तता का मुद्दा उठाया था। इसी तरह 14 मई 2002 को जम्मू कश्मीर में कालूचक के नजदीक आतंकी हमला हुआ। इस हमले में तीन आतंकवादियो ने हिमाचल रोडवेज की बस को निशाना बनाया। हमले में सात लोगों की मौत हो गई।



## रक्षा मंत्री बोले- ऐसा जवाब मिलेगा कि दुनिया देखेगी

**पर्दे के पीछे छिपे मास्टरमाइंड को नहीं छोड़ेंगे**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकी हमले पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि मंगलवार को पहलगाम में एक धर्म विशेष को निशाना बनाकर आतंकवादियों ने कायराना हरकत की, जिसमें कई निर्दोष लोगों की जान चली गई। मैं देशवासियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि सरकार हर जरूरी कदम उठाएगी। हम न सिर्फ इस कृत्य के दोषियों तक पहुंचेंगे बल्कि पर्दे के पीछे के किरदारों तक भी पहुंचेंगे। आरोपियों को जल्द ही जोरदार और स्पष्ट जवाब मिलेगा, यह मैं देश को आश्वस्त करना चाहता हूं। देश की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस), तीनों सेनाओं के प्रमुख और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ एक अहम बैठक की। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने रक्षा मंत्री को पहलगाम और पूरे जम्मू कश्मीर की सुरक्षा स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों को अलर्ट कर दिया गया है और आतंकियों को पकड़ने के लिए सर्च अभियान जारी है।

**नेकां ने निकाला विरोध मार्च :** जम्मू कश्मीर में सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के सदस्यों ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में बुधवार को मार्च निकाला। इस आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गयी थी। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के सलाहकार नासिर असलम वानी सहित नेकां के विधायक, पार्टी नेता और कार्यकर्ता यहां नवा-ए-सुबह स्थित पार्टी कार्यालय में एकत्र हुए और लाल चौक सिटी सेंटर तक मार्च निकाला। मुख्यमंत्री के दोनों बेटे जहीर और जमीर भी विरोध मार्च में शामिल हुए।


## विहिप कल करेगी राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन

विश्व हिंदू परिषद् ने आतंकी हमला के विरोध में झारखंड सहित देशभर में 25 अप्रैल को विरोध प्रदर्शन करेगा। परिषद के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ. सुरेंद्र जैन ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई भीषण घटना की निंदा की।पहलगाम घटना के विरोध में देशभर में आंदोलन करने की घोषणा करते हुए विहिप ने कहा कि इस अमानवीय घटना पर संपूर्ण देश स्तब्ध व आक्रोशित है। झारखंड विहिप के सहमंत्री डॉ. बिरेन्द्र साहु ने जानकारी देते हुए बताया कि जिस तरह से जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने घटना को अंजाम दिया है, उससे पूरा देश स्तब्ध है। इसके विरोध में झारखंड के सभी जिलों में 25 अप्रैल को विरोध प्रदर्शन किया जाएगा और आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देने का मांग की जाएगी। इसका जवाब भारत सरकार कोदेना होगा कि कोई ऐसा दुस्साहस न कर सके।

**दुनिया भर से भारत को मिल रहा लगातार समर्थन**

## पीएम मोदी को फोन पर बोले ट्रंप अमेरिका हर संभव मदद को तैयार

पीएम मोदी को बुधवार सुबह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कॉल किया और पहलगाम में इस्लामी आतंकवादी हमले के शिकारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। राष्ट्रपति ट्रंप ने हमले की निंदा की और कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़ा है और हर संभव समर्थन की पेशकश की। सूत्रों के मुताबिक पीएम मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप का समर्थन के लिए धन्यवाद किया और कहा कि भारत



इस कायराना और घृणित आतंकवादी हमले के अपराधियों और उनके समर्थकों को न्याय के कठघरे में लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### मुश्किल वक्त में भारत के साथ : ऑस्ट्रेलिया

*ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथोनी एल्बनीज ने पीएम नरेंद्र मोदी से बातचीत की। उन्होंने कहा कि मैंने जम्मू-कश्मीर हमले में मारे गए लोगों की प्रति अपनी संवेदनाएं जाहिर कीं। उन्होंने कहा कि बेगुनाहों की हत्या की इस घटना ने पूरी दुनिया को हिला दिया है। इस मुश्किल वक्त में मैं भारत के साथ हूं।*

### हम सभी तरह के आतंकवाद के विरोध में: चीनी राजदूत

चीन के राजदूत फेइहांग ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा कि पहलगाम में हुए हमले से स्तब्ध हूं और इसकी निंदा करता हूं। पीड़ितों के प्रति गहरी संवेदना और घायलों तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक सहानुभूति। सभी तरह के आतंकवाद का विरोध करते हैं।

### मालदीव राष्ट्रपति बोले

### आतंकवाद के सभी रूपों से निपटा जाए

मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू ने ट्वीट कर कहा है कि 'पहलगाम में हुए भयानक आतंकवादी हमले से बहुत दुखी और स्तब्ध हूं। इसमें कई निर्दोष लोगों की जान चली गई और कई लोग घायल हो गए। मालदीव सरकार आतंकवाद के सभी रूपों से निपटने की अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग है। इस कठिन समय में हमारी संवेदनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं।

**सचिन-कोहली ने भी आतंकी हमले पर जताया शोक, कहा**

## पाकिस्तान से खेल संबंध समाप्त किए जाएं



भारतीय खेल जगत ने भी पहलगाम आतंकी हमले पर शोक जताया है।भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर श्रीवत्स गोस्वामी ने पाकिस्तान के साथ खेल संबंध पूरी तरह समाप्त करने की मांग की है। भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली ने भी इस हमले पर दुख जताया और पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी है। सचिन ने लिखा, पीड़ित परिवार अकल्पनीय कष्ट से गुजर रहे होंगे। भारत और दुनिया भर में लोग इस कठिन समय में उनके साथ हैं। हम इस हमले में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि देते हैं और न्याय की प्रार्थन करते हैं। दिग्गज भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने इंस्टाग्राम पर लिखा, पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना।

**बदला लेने के लिए इजराइल ने किया खुले समर्थन का ऐलान**

## भारत बेहतर तरीके से जवाब देना जानता है

पहलगाम आतंकी हमले की दुनिया भर में निंदा के बीच भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने कहा कि ऐसे अपराधी हमें डराने के लिए हमेशा नए तरीके खोजने की कोशिश करते हैं। हमें निश्चित रूप से इस पर ध्यान देना होगा। हमें यह देखना होगा कि वे कैसे सोचते हैं, कैसे काम करते हैं और मुझे यकीन है कि वे ऐसा करना जारी रखेंगे। लेकिन मुझे यह भी यकीन है कि हम और अधिक दृढ़ संकल्पित होंगे और जवाबी कार्रवाई करेंगे। अजार ने कहा कि यह पूरी तरह से भारतीय सरकार पर निर्भर है। मुझे यकीन है कि उन्हें पता है कि कैसे काम करना है। हमने देखा है कि सरकार के प्रयासों की बदौलत अतीत में स्थिति कैसे स्थिर हुई है। उन्होंने कहा कि हम व्यापक आधार पर एक साथ सहयोग करने का प्रयास करते हैं ताकि यह देखा जा सके कि आम तौर पर खतरों से कैसे निपटा जाए, आतंकवाद से लड़ने के साधनों को कैसे बेहतर बनाया जाए।

## ये भी प्रतिक्रियाएं



### बहुत आहत, स्तब्ध और दुखी हूं: खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी। इसने हम सभी को बहुत आहत, स्तब्ध और दुखी किया है।



### मुसलमानों को दबाया जा रहा: वाड्रा

आतंकी हमले पर दुख जताते हुए बिजनेसमैन रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि क्योंकि उन्हें लगता है कि मुसलमानों को दबाया जा रहा है।



### धामी ने मौन रख दी श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सीएम आवास में बैठक में दो मिनट का मौन रखकर हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की।



### भारत करारा जवाब देगा : साय

सीएम विष्णु देव साय ने हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि जब-जब देश पर इस तरह का हमला हुआ है, भारत ने करारा जवाब दिया है।



### 6 परिवारों को 5 लाख का मुआवजा

महाराष्ट्र सरकार ने आतंकवादी हमले के दौरान अपने प्रियजनों को खोने वाले 6 परिवारों को 5 लाख की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की है।




### पंजाब में हाई अलर्ट उच्च स्तरीय बैठक

पंजाब को हाई अलर्ट पर रखा गया है। सीएम भगवंत मान ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए एक उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक की है।



### सीएम सावंत नहीं मनाएंगे जन्मदिन

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बुधवार को घोषणा की किआतंकवादी हमले के मद्देनजर वह 24 अप्रैल को अपना जन्मदिन नहीं मनाएंगे।



### मुर्गे लड़ाने की कोशिश मत करो

पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद ने कहा कि यह कश्मीरियत पर और इंसानियत पर हमला है। वह मुर्गा लड़ाने की कोशिश न करे।

**राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस**

## राष्ट्रीय मूल्यांकन में 346 अग्रणी और 13,781 प्रदर्शनकारी पंचायतों के साथ गुजरात सबसे आगे



**गांधीनगर।** भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा वित्त वर्ष 2022-23 के लिए जारी किए गए पहले पंचायत उन्नति सूचकांक (पीएआई) में गुजरात ने ग्रामीण शासन और सतत विकास में एक नया मानदंड स्थापित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, जिनका मंत्र ''सशक्त गांव, समृद्ध राष्ट्र'' है, और माननीय मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के परिणामोन्मुखी शासन के तहत, गुजरात ने ग्रामीण विकास में यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उल्लेखनीय है कि 24 अप्रैल को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस 73वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 के कार्यान्वयन का प्रतीक है, जिसने ग्रामीण भारत में पंचायती राज व्यवस्था की स्थापना की और स्थानीय स्वशासन को मजबूत किया। इस अवसर के अनुरूप, पंचायत उन्नति सूचकांक में गुजरात की हालिया मान्यता इसके मजबूत जमीनी स्तर के शासन और सतत ग्रामीण विकास में नेतृत्व को दर्शाती है। पंचायत उन्नति सूचकांक (पीएआई) में, देश भर में कुल 2,16,285 मान्य ग्राम पंचायतों में से, गुजरात की 346 पंचायतों को ''अग्रणी'' और 13,781 को 'निष्पादक' के रूप में वर्गीकृत किया गया है, जो देश भर में दोनों श्रेणियों में सबसे अधिक है।

### तेलंगाना ने दूसरा स्थान हासिल किया

तेलंगाना ने 270 'अग्रणी' पंचायतों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि 'निष्पादक' श्रेणी में, महाराष्ट्र 12,242 पंचायतों के साथ दूसरे स्थान पर रहा, उसके बाद तेलंगाना 10,099 के साथ दूसरे स्थान पर रहा। वर्ष 2022-23 के लिए पीएआई के आंकड़ों के अनुसार, देश की कुल 2,55,699 ग्राम पंचायतों में से 2,16,285 ने वैध डेटा प्रस्तुत किया। उनमें से 699 को 'अग्रणी', 77, 298 को 'निष्पादक' और 1,32,392 को 'आकांक्षी' पंचायतों के रूप में पहचाना गया। समीक्षा बैठकों की एक श्रृंखला, कई क्षमता निर्माण सत्र और सभी स्तरों पर समन्वित प्रयासों ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25